

रांची, शुक्रवार, 20 दिसंबर 2024

संवत 2081, पौष कृष्ण पांच- मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 104 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक





4 ▸▸ अनहद में समाया जाकिर हुसैन का तबला

मेलबोर्न एयरपोर्ट पर जर्नलिस्ट से भिड़े विराट कोहली ◂◂ 6


## हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला का निधन, 89 साल की उम्र में ली अंतिम सांस





**नई दिल्ली:** अनुभवी इंडियन नेशनल लोकदल (आईएनएलडी)के नेता और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला का 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया। हरियाणा के राजनीतिक परिदृश्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव रखने वाले चौटाला का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। राज्य की राजनीति में एक प्रमुख व्यक्ति, चौटाला ने कई अवसरों पर हरियाणा के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया। उन्हें आईएनएलडी में उनके नेतृत्व और राज्य की राजनीतिक दिशा को आकार देने में उनकी भूमिका के लिए जाना जाता था। उनकी मृत्यु हरियाणा के राजनीतिक इतिहास में एक युग के अंत का प्रतीक है। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने हरियाणा के विकास में चौटाला के योगदान को याद करते हुए अपनी संवेदना व्यक्त की है। उनका परिवार और समर्थक शोक में हैं क्योंकि वे उनके अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे हैं।

चौटाला परिवार के कई सदस्य राजनीति में सक्रिय हैं, हालांकि सभी सदस्य इनेलो और जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) के बीच विभाजित हैं। ओम प्रकाश चौटाला के बड़े बेटे अजय, भिवानी के पूर्व सांसद और तीन बार के विधायक (दो बार राजस्थान और एक बार हरियाणा) को जेबीटी शिक्षक भर्ती मामले में भ्रष्टाचार के आरोप में उनके पिता के साथ दोषी ठहराया गया था। इनेलो ने पिछली बार 2005 में हरियाणा पर शासन किया था, लेकिन इस बरस कांग्रेस ने सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाया। जिसके बाद भूपिंदर सिंह हुड्डा मुख्यमंत्री बने थे। भाजपा के मनोहर लाल खट्टर 2014 के चुनावों में नए सीएम के रूप में हरियाणा की कमान संभाली।

### जयपुर में भयानक अग्निकांड

# सीएनजी ट्रक में ब्लास्ट से आठ लोग जिंदा जले, 46 घायल, पीएम मोदी ने जताया दुख

- सीएनजी ट्रक और एक ट्रक की टक्कर में हुआ ब्लास्ट
- 40 वाहन भी जलकर खाक, राजमार्ग जाम



**जयपुर:** राजस्थान के जयपुर में एक सड़क हादसे में एक सीएनजी ट्रक में आग लग गई। जयपुर में अजमेर रोड के पास सीएनजी ट्रक और एक ट्रक की टक्कर हो गई। इसके बाद धमाका हुआ, जिससे आग लग गई। इस हादसे में आठ लोग जिंदा जल कर मर गए है। इस हादसे में 46 लोग झुलस गये हैं। ये हादसा इतना भीषण था कि इसमें 40 गाड़ियां भी जलकर खाक हो गई। इन सभी गाड़ियों में कई लोग बैठे थे, जिन्होंने भाग कर अपने जान बचाई है।

जानकारी के मुताबिक हादसा जयपुर के भांकरोटा इलाके में सुबह 5 ।00 बजे हुआ। इस हादसे की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस, दमकल। विभाग की टीम तत्काल घटनास्थान पहुंची। इस आग को बुझाने में दमकल विभाग की कई गाड़ियां घंटे तक जूझती रही। इस हादसे में आठ लोगों ने अपनी जान गंवाई है।

दुर्घटना स्थल से दूर से लिए गए वीडियो में आग लगने वाले वाहनों से उठते घने धुएं का गुबार दिखाई दे रहा है। भांकरोटा स्टेशन हाउस ऑफिसर (एसएचओ) मनीष गुप्ता के हवाले से बताया गया, आग ने कई ट्रकों को अपनी चपेट में ले लिया। घटना में शामिल ट्रकों की संख्या स्पष्ट नहीं है। कुछ लोग झुलस गए हैं, जिन्हें एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया है।

### गिरिडीह में बड़ा हादसा

## पुआल में आग लगने से जिंदा जले मां-बेटे

- बेटे के साथ पुआल के कुंभा में सोयी थी मां
- कुंभा में आग लगने से हुआ हादसा



**डुमरी (गिरिडीह):** जिले के डुमरी थाना क्षेत्र के छछंदो पंचायत के जिलिमटांड़ गांव में मां-बेटे आग में जिंदा जल गये। हादसे के बाद मौके पर गांव के लोग पहुंचे। इसके बाद पुलिस को पूरे मामले की जानकारी दी गयी। डुमरी थाना प्रभारी जगन्नाथ पान ने बताया कि पुआल में आग लगने के कारण मां-बेटे की मौत हो गयी।

**बेटे के साथ पुआल के कुंभा में सोयी थी मां:** 45 वर्षीया नुनिया देवी कड़ाके की ठंड में अपने बेटे बाबूचंद मुर्मू के साथ खलिहान में पुआल के बने कुंभा में सोयी हुई थी। ठंड से बचाव के लिए उसने पास ही में लकड़ी जलाकर रखा था। रात में पुआल में आग लग गयी। इससे पूरा कुंभा आग की चपेट में आ गया। कुंभा में सोए रहने के कारण वे आग की लपटों से बाहर नहीं निकल सके और मदद के लिए किसी को बुला भी नहीं सके। इससे मां-बेटे की मौत हो गयी। हादसे के बाद गांव में शोक की लहर है।

## राहुल के खिलाफ प्राथमिकी से दिखता है कि सत्तापक्ष में हताशा किस स्तर की है: प्रियंका गांधी





**नई दिल्ली:** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किए जाने को लेकर शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा और कहा कि इस बात से पता चलता है कि सत्तापक्ष में किस स्तर की हताशा है।

उन्होंने यह भी कहा कि भारत के लोग बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर का अपमान सहन नहीं करेंगे। दिल्ली पुलिस ने संसद परिसर में हुई धक्का-मुक्की के सिलसिले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ बृहस्पतिवार को प्राथमिकी दर्ज की।

पार्टी (भाजपा) ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ पुलिस को एक शिकायत देकर उन पर संसद परिसर में धक्का-मुक्कीके दौरान शारीरिक हमला और उकसावे में शामिल होने का आरोप लगाया।

राहुल गांधी के खिलाफ प्राथमिकी के बारे में पूछे जाने पर प्रियंका गांधी ने संवाददाताओं से कहा, आज पूरा देश देख रहा है कि भाजपा के लोगों ने राहुल गांधी जी पर तमाम मामले दर्ज करा रखे हैं। वे नित नई प्राथमिकी दर्ज कराते हैं और झूठ बोलते हैं। यह उनकी हताशा का स्तर दिखाता है।

प्रियंका गांधी ने आरोप लगाया, यह सरकार अदाणी पर चर्चा से डरती है, किसी भी चर्चा से डरती है। अब उन्होंने जो किया है, उनके मन में आंबेडकर जी के प्रति जो असली भावना थी वह सामने आ गई है। उन्होंने कहा, अब वे विपक्ष से डर रहे हैं, क्योंकि अब हम इस मुद्दे को उठा रहे हैं।कांग्रेस महासचिव ने कहा कि देश का संविधान बाबासाहेब आंबेडकर, भारत की जनता और आजादी की लड़ाई की देन है। प्रियंका गांधी ने इस बात पर जोर दिया, बाबासाहेब का अपमान हिंदुस्तान नहीं सहेगा।

## आखिरी दिन भी नहीं चला लोकसभा, हंगामे के कारण कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

**नई दिल्ली:** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी। ओम बिरला ने सदन की कार्यवाही शुरू की तो विपक्ष के सदस्य हंगामा करने लगे। अध्यक्ष ने कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल से अपने मंत्रालय से सम्बंधित विधेयक संयुक्त समिति को सौंपे जाने वाला दस्तावेज सदन के पटल पर रखने के लिए कहा। इसके बाद उनके सदन की कार्यवाही शुरू करते ही विपक्ष के सदस्यों का हंगामा और तेज होने लगा।

अध्यक्ष ने सदस्यों के कहा मैं आपसे पुनः आग्रह करता हूं कि संसद की गरिमा और मयार्दा बनाए रखना हम सब की जिम्मेदारी है। संसद भवन परिसर में किसी भी तरह का धरना, प्रदर्शन करना उचित नहीं है। आप सभी को इस विषय से जुड़े नियमों का अनुपालन करना सुनिश्चित करना होगा। मैं फिर आग्रह करूंगा कि इसे गंभीरता से लें और किसी भी स्थिति में संसद परिसर में प्रदर्शन ना करें, वरना कार्रवाई की जा सकती है। ओम बिरला ने वंदे मातरम के बाद सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी।



# महिलाओं की भलाई के लिए हैं कानून, पति से जबरन वसूली करने को नहीं: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि महिलाओं की भलाई के लिए बनाए गए सख्त कानून उनके पतियों को दंडित करने, धमकाने, उन पर हावी होने या उनसे जबरन वसूली करने के लिए नहीं हैं। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस पंकज मिथल की पीठ ने कहा कि हिंदू विवाह एक पवित्र परंपरा है, जो परिवार की नींव है, न कि एक व्यावसायिक समझौता।

पीठ ने वैवाहिक विवादों में भारतीय दंड संहिता की धाराओं, जैसे दुष्कर्म, आपराधिक धमकी और विवाहित महिलाओं से क्रूरता के मामलों में, अनुचित तरीके से शिकायत दर्ज कराने की प्रवृत्ति पर चिंता जताई। अदालत ने कहा कि महिलाओं को यह समझने की आवश्यकता है कि ये सख्त प्रावधान उनकी सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए हैं, न कि पतियों के खिलाफ हथियार के रूप में इस्तेमाल करने के लिए।



**सुप्रीम कोर्ट ने उन मामलों पर विशेष चिंता व्यक्त की, जहां पत्नी और उसका परिवार आपराधिक शिकायतों का इस्तेमाल पति और उसके परिवार के साथ सौदेबाजी के लिए करते हैं। अदालत ने कहा कि पुलिस कई बार जल्दबाजी में कार्रवाई करते हुए पति और यहां तक कि वृद्ध माता-पिता व दादा-दादी जैसे रिश्तेदारों को गिरफ्तार कर लेती है।**

अदालत ने यह टिप्पणी एक दंपति के मामले में की, जिनकी शादी जुलाई 2021 में हुई थी और अब पूरी तरह टूट चुकी थी। पति, जो अमेरिका में आईटी कंसल्टेंट के तौर पर काम करता है, ने शादी समाप्त करने की याचिका दाखिल की थी। वहीं, पत्नी ने तलाक का विरोध करते हुए गुजारा भत्ता के रूप में पति की पहली पत्नी को मिले 500 करोड़ रुपये के बराबर रकम की मांग की थी। पीठ ने फैसला सुनाते हुए पति को एक महीने के भीतर पत्नी को 12 करोड़ रुपये स्थायी गुजारा भत्ता के रूप में भुगतान करने का निर्देश दिया।

सुप्रीम कोर्ट ने उन मामलों पर विशेष चिंता व्यक्त की, जहां पत्नी और उसका परिवार आपराधिक शिकायतों का इस्तेमाल पति और उसके परिवार के साथ सौदेबाजी के लिए करते हैं। अदालत ने कहा कि पुलिस कई बार जल्दबाजी में कार्रवाई करते हुए पति और यहां तक कि वृद्ध माता-पिता व दादा-दादी जैसे रिश्तेदारों को गिरफ्तार कर लेती है।

अदालत ने अधीनस्थ न्यायालयों को भी सलाह दी कि वे एफआईआर में उल्लिखित अपराध की गंभीरता के आधार पर जमानत देने में अनावश्यक संकोच न करें। सुप्रीम कोर्ट ने जोर देकर कहा कि आपराधिक कानूनों का उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण है, लेकिन इनका दुरुपयोग समाज में वैवाहिक संबंधों की पवित्रता को नुकसान पहुंचा सकता है।

न्यूज ब्रीफ

## संगठन महापर्व सदस्यता अभियान कार्यशाला की बैठक संपन्न



**मुरी:** सिल्ली भाजपा कार्यालय में संगठन महापर्व सदस्यता अभियान कार्यशाला की बैठक सिल्ली मंडल अध्यक्ष अंबुज रजक की अध्यक्षता में की गई। इस बैठक में सिल्ली मंडल के शक्ति केंद्र के प्रभारी संयोजक सह संयोजक बुथ अध्यक्ष एवं इस बैठक के प्रभारी एसटी मोर्चा रांची जिला ग्रामीण अध्यक्ष बुधराम बेदिया उपस्थित रहे। इस बैठक में पार्टी को मजबूती के लिए अधिक से अधिक सदस्य जोड़ने का सभी ने संकल्प लिया एवं सदस्यता अभियान 22 दिसम्बर से 15 जनवरी 2025 तक सदस्यता अभियान चलाई जाएगी। साथ ही साथ पतराहातु मंडल में भी को भगीरथ महतो की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न किया गया। इस मौके पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह पतराहातू मंडल के प्रभारी सुरेन्द्र महतो उपस्थित रहे। इस मौके पर उत्तम साहू, छोटेलाल गुप्ता ,अभिषेक गुप्ता, शिबू हजम ,चितरंजन मंडल, रविंद्र प्रसाद साहू, वासुदेव महतो, चंदन गोस्वामी ,अविनाश महतो ,राजेंद्र प्रसाद साय, सुभाष महतो, सत्यनारायण सिंह ,श्याम सुंदर महतो ,विश्वनाथ महतो, धनंजय महतो उपस्थित थे।

## कुटाम में पीसीसी पथ का हुआ शिलान्यास

मुरीः गुरूवार को सिल्ली प्रखंड के कुटाम में जिला परिषद सदस्या लक्ष्मी देवी ने नौ लाख की लागत से 460 फीट का पीसीसी पथ का शिलान्यास कृष्णा महतो के घर के सामने किया। श्लिान्यास झारखंड सरकार के जिला योजना आनाबद्ध निधि से किया गया है। जो बरसों से लम्बित मांग था। शिलान्यास से गांव के लोगों में खुशी देखी गई। जिप सदस्या लक्ष्मी देवी ने कहा कि काम में गुणवत्ता और समय सीमा में पूरी होनी चाहिए, इसमें ग्रामीणों की सहयोग की अपील की है। मौके पर ज़िप प्रतिनिधि अखिल महतो, मुखिया जितनी देवी,गोकुल महतो,नौसादर, फखरूद्दीन राय,अधनु मुंडा, शाहबुद्दीन अंसारी,रउफ अंसारी ,शेख मुसा ,बसीर अंसारी समेत दर्जनों कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद थे।

## प्रधानमंत्री राष्ट्रीय आपदा राहत कोष से कैंसर उपचार के लिए तीन लाख की आर्थिक सहयता

मुरीः कैंदल,बीआईटी मेसरा निवासी अमित कुमार साहू को कैंसर उपचार के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय आपदा राहत कोष से आर्थिक सहायता स्वीकृत की, जो तीन लाख रुपए है। इसके लिए सिल्ली मंडल अध्यक्ष अम्बुज रजक एवं भाजपा समर्थकों ने सांसद संजय सेठ के प्रति आभार व्यक्त किया है और अमित कुमार साहू के स्वास्थ्य लाभ की कामना की है।

## गोस्सनर, डोरंडा, एसएस मेमोरियल और बीएस कॉलेज सेमीफाइनल में



रांचीः रांची विश्वविद्यालय अंतर कॉलेज क्रिकेट प्रतियोगिता 2024-25 में गुरुवार को गोस्सनर, डोरंडा और बीएस कॉलेज ने अपने मुकाबले को जीतकर एसएस मेमोरियल के साथ सेमी फाइनल में प्रवेश किया। शुक्रवार को गोस्सनर बनाम बीएस कॉलेज और डोरंडा और एसएस मेमोरियल के बीच सेमीफाइनल मुकाबले खेले जायेंगे।
आज के दिन मुकाबले का पहला शतक बीएस कॉलेज के प्रेम कुमार ने जड़ा। वहीं मुकाबले का पहला हैट्रिक गोस्सनर कॉलेज के उत्कर्ष कुमार ने लिया। उन्होंने मुकाबले में कुल सात विकेट झटके।
गुरुवार को गोस्सनर कॉलेज और जेएन कॉलेज के बीच मुकाबला हुआ। जिसमें गोस्सनर ने 8 विकेट पर 156 रन बनाए। जवाब में जेएन कॉलेज 87 रन पर सिमट गई। दिन का दूसरा मुकाबला मारवाड़ी कॉलेज और डोरंडा कॉलेज के बीच खेला गया। मारवाड़ी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट पर 150 रन बनाए। जवाब में डोरंडा कॉलेज ने 3 विकेट खोकर 152 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। दिन का तीसरा मैच बीएस कॉलेज और पीपीके कॉलेज के बीच खेला गया। जिसमें बीएस कॉलेज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट खोकर 222 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए पीपीके कॉलेज निर्धारित ओवर ने 9 विकेट खोकर 112 रन ही बना सकी।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फूंका अमित शाह का पुतला

**लातेहारः** समाहरणालय गेट के पास कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया. यह संसद में केंद्रीय गृहमंत्री के द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर के लिए अमार्यादित भाषा का प्रयोग करने के विरोध में किया गया. कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष आफताब आलम ने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री के द्वारा बाबा साहब के लिए की गयी टिपप?णी भाजपा की दोहरे चरित्र को दिखाता है. एक ओर भाजपा संविधान की दुहाई देती है तो दूसरी ओर संविधान निमार्ता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर भरी संदन में अपमान करती है. भाजपा हमेशा से संविधान के खिलाफ बोलते और संविधान के साथ खिलवाड़ करते आई है. युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अमित यादव ने कहा कि सदन में जिस तरह का भाषा का प्रयोग बाबा साहब के लिए केंद्रीय गृहमंत्री ने किया है वह निंदनीय और बर्दाश्त करने के काबिल नहीं है. प्रखंड अध्यक्ष बरवाडीह प्रिंस गुप्ता ने कहा कि इस बयान से भाजपा की मानसिकता का पता चलता है कि वो संविधान के प्रति क?या सोचती है. प्रखंड अध्यक्ष मनिका दरोगी यादव ने कहा कि इस देश में सारा सिस्टम संविधान से ही चलता है, जिसे भाजपा बदलना चाहती है. मौके पर महिला जिला अध्यक्ष अनीता देवी, सुरेंद्र भारती, विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव, विश्वनाथ पासवान, टिंकू बाबू, रौशन कुमार, कृष्णा यादव, साजन कुमार, फूलचंद यादव, शहजाद, अरुण सिंह, सकलदीप, वाजिद, दानिश, साजिद, मनोज पासवान, धनंजय, राजीव, परवेज, कुलदीप, मुस्ताक, गुड्डू दुबे व अजय यादव आदि मौजूद थे.

## अंबेडकर का संविधान समानता के सिद्धांतों पर आधारित है: खुशबू

**पलामू :** पांकी मध्य जिला परिषद सदस्य खुशबू कुमारी ने देश के गृहमंत्री अमित शाह द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर के खिलाफ दिए गए कथित बयान की कड़ी निंदा की है. उन्होंने इसे संविधान और सामाजिक न्याय के मूल्यों पर हमला करार देते हुए गृहमंत्री से तुरंत माफी मांगने और पद से इस्तीफा देने की मांग की है. खुशबू कुमारी ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने ऐसा संविधान दिया जो समानता, स्वतंत्रता और न्याय के सिद्धांतों पर आधारित है.

### झारखंड हाईकोर्ट का डीजीपी को निर्देश, कहा

# जब्त की गईं नशीली दवाओं के नमूने लेने के लिए बनाएं एसओपी

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांचीः** हाईकोर्ट ने राज्य में पकड़ी जाने वाली दवाओं को लेकर डीजीपी अनुराग गुप्ता को सख्त निर्देश दिए हैं। हाईकोर्ट ने कहा कि नशीली दवाओं के नमूने लेने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) बनाई जाए।
मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव और न्यायमूर्ति दीपक रोशन की खंडपीठ ने झारखंड में मादक पदार्थ और नशीली दवाओं की बिक्री को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई की। सुनवाई के दौरान झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के जोनल निदेशक उपस्थित हुए थे।
कोर्ट ने कहा कि नशीली दवाओं को जब्त करने और जांच के दौरान पुलिस ठीक तरीके से सैंपल नहीं लेती है। इससे मुकदमे के दौरान अभियोजन पक्ष को दिक्कत होती है। इसके चलते कई बार आरोपी रिहा कर दिए जाते हैं। इस पर हाईकोर्ट ने डीजीपी को निर्देश दिया कि वे मादक पदार्थों और दवाओं के नमूने लेने के लिए सख्त प्रक्रिया तय करें। इसके लिए नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और राज्य सरकार के साथ मिलकर एसओपी बनाएं।
अदालत ने पूर्वी सिंहभूम के बहरागोड़ा में एक वाहन जब्त किए गए 80 से 90 किलोग्राम मारिजुआना मामले का संज्ञान लिया। इस मामले में ठीक तरीके से दवाओं का सैंपल नहीं लिया गया और आरोपियों को बाद में उच्च न्यायालय से जमानत मिल गई।




इसके बाद उच्च न्यायालय ने डीजीपी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को तलब किया था। मामले की सुनवाई अगले साल 20 जनवरी को फिर होगी।

हाईकोर्ट ने जेएसएससी के भर्ती परीक्षा परिणाम पर लगाई थी रोकः इससे पहले झारखंड हाईकोर्ट ने मंगलवार को राज्य कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) के सितंबर में आयोजित भर्ती परीक्षा के अंतिम परिणाम पर रोक लगाई थी। अदालत ने सरकार को आदेश दिया था कि वह सुनिश्चित करे कि उम्मीदवारों की ओर से प्रश्नपत्र लीक की शिकायत पर पुलिस एफआईआर दर्ज करे और जांच करे। मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस दीपक रोशन की खंडपीठ प्रकाश कुमार की जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी। अदालत ने पुलिस को इस मामले में एक रिपोर्ट पेश करने का भी आदेश दिया था।

### आजसू प्रमुख सुदेश महतो ने कहा

## विधानसभा में कभी भी स्वस्थ चर्चा नहीं होती

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांचीः** झारखंड विधानसभा चुनाव में अपने प्रदर्शन पर चर्चा करने के लिए ऑल इंडिया झारखंड स्टूडेंट यूनियन पार्टी ( एजेएसयू ) ने रांची में समीक्षा बैठक की। समीक्षा बैठक के बाद, एजेएसयू प्रमुख सुदेश महतो ने एक बयान में कहा कि उन्होंने अपनी कम सीटों की संख्या के संभावित कारणों का पता लगाने के लिए जमीनी स्तर पर काम कर रहे विभिन्न पार्टी सदस्यों से फीडबैक लिया है, साथ ही उन्होंने जातिगत ध्रुवीकरण के लिए सत्तारूढ़ गठबंधन की आलोचना भी की। उन्होंने एक प्रेस वार्ता के दौरान कहा, हमने विभिन्न पार्टी संगठनों से फीडबैक लिया है और हम धीरे-धीरे जमीनी स्तर तक जाएंगे ताकि यह पता लगाया जा सके कि हमसे कहां गलती हुई। 18 नवंबर को संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में एजेएसयू ने केवल 1 सीट जीता था। श्री महतो ने कहा, विधानसभा में कभी भी स्वस्थ चर्चा नहीं होती है और पार्टी की आगे की योजना जो भी होगी, हम देखेंगे।।हम राज्य



सरकार के इरादों को जानते हैं। उन्होंने आगे कहा कि वे महागठबंधन सरकार को अपने वादे पूरे करने के लिए कुछ महीने का समय देंगे और विकास और प्रगति के मुद्दों को दरकिनार कर दिया गया, जबकि जातिगत ध्रुवीकरण हुआ। महतो ने कहा, ₹विकास और प्रगति के मुद्दों को दरकिनार कर दिया गया, जबकि जातिगत ध्रुवीकरण भी हुआ और जैसे-जैसे समय बीतता जाएगा, वैसे-वैसे निराशा और अंधेरा छाता जाएगा। उन्होंने यह भी दावा किया कि वे झारखंड के सभी 24 जिलों में जाकर लोगों की किसी भी समस्या पर चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा, मैं चर्चा करने के लिए जिलों और ब्लॉकों में जाऊंगा और राज्य के सभी 24 जिलों की यात्रा भी करूंगा और आम लोगों से चर्चा करूंगा। दो चरणों के विधानसभा चुनाव के बाद, हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली झामुमो ने 81 सदस्यीय झारखंड विधानसभा में 56 सीटों के साथ भारतीय ब्लॉक को जीत दिलाई। झामुमो ने 34 सीटें जीतीं, जबकि उसके सहयोगियों ने 22 सीटें हासिल कीं। सहयोगियों में से, कांग्रेस ने 16 सीटें जीतीं, राजद ने चार और भाकपा-माले ने दो सीटें जीतीं। झारखंड में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को केवल 24 सीटें मिलीं । भाजपा को 21 सीटें मिलीं, जबकि उसके सहयोगी दलों आजसू पार्टी, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) और जेडी-यू को एक-एक सीट मिली।

## सिल्ली पुलिस का जागरूकता अभियान



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**मुरीः** आज सिल्ली पुलिस का महिला बाल सुरक्षा,छेड़खानी के विरुद्ध एवं सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया।यह अभियान सिल्ली बाजार से आजाद स्कूल तक पैदल मार्च कर किया गया। पुलिस ने हिदायत दी है कि यदि कोई लड़का स्कूल के आसपास कामेंट या आते जाते परेशानी खडा करता है तो तुरंत गार्जियन पुलिस को सूचना दे या मामला दर्ज करें।उस पर कडी कार्रवाई होगी। स्कूल के आसपास नशे का सामग्री नहीं बिकनी चाहिए। नाबालिग बच्चों को मोटरसाइकिल चलाने का हिदायत दी गई है। जो मोटरसाइकिल चलाते हैं वे हेलमेट पहने।

## ट्रक और बस में भीषण टक्कर छह से ज्यादा यात्री घायल



**लातेहार :** रांची-मेदिनीनगर एनएच पर सदर थाना क्षेत्र के उदयपुरा के पास शुक्रवार की सुबह करीब साढ़े सात बजे ट्रक और यात्री बस में भीषण टक्कर हो गयी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहनों का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं इस हादसे में बस सवार आधा दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गये। सभी घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घायलों में नीतू कुमारी, विनी लाल मिंज, देवलाल राम, रीता देवी, फिजियान अंसारी, मिर्जा मियां, मिंकू प्रसाद, परी कुमारी, अजय कुमार और बस का चालक अनिल भुइंया शामिल हैं। इनमें से गंभीर रूप से घायल कुछ यात्रियों को बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर किया जा गया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि पम्मी नामक उक्त यात्री बस लातेहार डीही-मुरूप से हजारीबाग जा रही थी। एनएच-75 पर उदयपूरा ग्राम के पास पहले से एक ट्रक खड़ी थी। उसको ओवर टेक के दौरान बस सामने से आ रही एक ट्रक से टकरा गयी।

### कानूनी साक्षरता व जागरूकता कार्यक्रम शुरू

## बाल विवाह, डायन-बिसाही व अन्य सामाजिक कुरीतियों के प्रति लोगों को किया जायेगा जागरूक

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**लातेहार :** झालसा के निर्देश पर आम लोगों में कानूनी साक्षरता व जागरूकता के लिए 90 दिवसीय व्यापक जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा गुरुवार को प्रभातफेरी निकालकर किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश (पीडीएसजे) सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रभातफेरी सिविल कोर्ट से निकल कर काली मंदिर, समाहरणालय व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सिंह ने कहा कि इस 90 दिवसीय व्यापक जागरूकता कार्यक्रम के तहत जिला के हर शहर, गांव और घर तक पहुंचकर एक-एक लोगों को विधिक सेवा प्राधिकार एवं



सरकार द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं की जानकारी दी जायेगी। बाल विवाह, साइबर ठगी, ड्रग्स, डायन-बिसाही और बाल मजदूरी समेत अन्य सामाजिक कुरीतियों के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा। प्राधिकार के सचिव शिवम चौरसिया ने बताया कि न्यायिक पदाधिकारी के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया है। टीम में एलएडीसीएस के अधिवक्ता, एनजीओ, पैनल अधिवक्ता और पीएलवी शामिल हैं। स्कूल-कॉलेजों में छात्र-छात्राओं के बीच वाद-विवाद, निबंध, पेंटिंग, भाषण, प्रभात फेरी आदि का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नालसा के हेल्पलाइन नंबर 15100, डायन बिसाही मामले को लेकर हेल्पलाइन नंबर 181 समेत अन्य हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी जाएगी। इस अवसर पर कुटूम्ब न्यायालय राजीव आनंद, जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम दिनेश कुमार मिश्रा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय संजय कुमार दूबे, सीजेएम मो। अब्दुल नसीर, एसीजेएम शशि भूषण शर्मा, सब जज तृतीय सह न्यायिक दंडाधिकारी स्वाति विजय उपाध्याय, न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी उत्कर्ष जैन, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजमनी प्रसाद, अधिवक्ता पंकज कुमार, नवीन प्रसाद, अरविंद प्रसाद व रिंकू पांडेय सहित बार एसोसिएशन के सदस्य, व्यवहार न्यायालय के कर्मचारीगण एवं पीएलवी के सदस्य मौजूद थे।

## भाजपा विधायक प्रकाश राम का अभार सभा 22 को

**लातेहारः** लातेहार विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी प्रकाश राम के विधायक बनने के उपरांत बारियातू प्रखंड के लोगों का आभार व्यक्त करने के लिए रविवार को आभार सभा का आयोजन किया गया है. बारियातू स्टेडियम में आयोजित होने वाले इस आभार सभा में लातेहार विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के नवनिर्वाचित विधायक प्रकाश राम जनता का आभार प्रकट करेंगे. बारियातू भाजपा मंडल महामंत्री सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि आभार सभा में बूथ स्तर के कार्यकर्ता, पंचायत एवं प्रखंड स्तर के कार्यकर्ता एवं नेता समेत भारी संख्या में सभी पंचायतों से आम जनता की उपस्थिति रहेगी.
उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में बारियातू मंडल अंतर्गत आने वाले जिले के पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य आदि उपस्थित रहेंगे।

## अतिथि शिक्षकों के साथ न्याय को लेकर कुलपति से मिला संघ

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांचीः** झारखंड प्रदेश अंतर्गत प्रांतीय मुख्यालय शहर में अवस्थित राँची विश्वविद्यालय के कुलपति अजीत कुमार सिन्हा से झारखंड प्रदेश अतिथि शिक्षक संघ का प्रतिनिधि मंडल संघ के प्रदेश संयोजक डॉ धीरज सिंह सूर्यवंशी के नेतृत्व में मिला। इस दौरान डॉ धीरज ने कुलपति को ज्ञापन सौंपा एवं साथ ही डॉ सूर्यवंशी ने कुलपति के समक्ष पिछले लगभग डेढ़ वर्षों से लंबित मानदेय की भुगतान अविलंब करने की बात रखी। डॉ सिंह ने कहा कि लंबे समय से विवि प्रशासन द्वारा मानदेय भुगतान के अभाव में समुचित इलाज नहीं हो पाने की वजह से गत दिनों संघ के अध्यक्ष के पुत्र मासूम तो वहीं पूर्व में एक अतिथि शिक्षिका असमय काल कवलित हो गयी। साथ ही डॉ धीरज ने झारखंड



उच्च न्यायालय की गत 11 -07 -2024 एवं 09 दिसम्बर 2024 के याचिकाकर्ताओं- अतिथि शिक्षकों के संदर्भ में स्टे की राँची विवि के विभिन्न स्नातकोत्तर विभागों के विभागाध्यक्षों एवं अंगीभूत महाविद्यालयों के प्राचार्यों द्वारा अवमानना का मामला प्रमुखता से उठाया। इस मौके पर संघ के डॉ धीरज सिंह सूर्यवंशी ने कहा कि झारखंड प्रदेश के उच्च शिक्षा विभाग व विवि प्रशासन की अलोकतांत्रिक कार्यशैली एवं कार्यवाही से अतिथि शिक्षकों को अपूरणीय क्षति हुई है। संयोजक डॉ सिंह ने अतिथि शिक्षकों के संवैधानिक हक एवं अधिकारों को संरक्षित एवं संवर्धित करने की वकालत भी विवि प्रशासन के समक्ष प्रमुखता से रखी। ज्ञातव्य है संघ के संयोजक डॉ सिंह द्वारा गत दिनों देश-प्रदेश के सभी प्रमुख नीति नियंताओं एवं प्रशासकों को अतिथि शिक्षकों की संवैधानिक मांगों से संदर्भित 30 सूत्री ज्ञापन-मेमोरेंडम प्रेषित किया है।इसी क्रम में गत दिनों महामहिम राज्यपाल संतोष गंगवार एवं पुनः कुलपति को ज्ञापन सौंपी गई। इस मौके पर जहाँ कुलपति कक्ष में कुलसचिव विनोद नारायण, प्रॉक्टर मुकुंद चंद मेहता एवं विवि पदाधिकारी सह डोरंडा महाविद्यालय के प्राचार्य राज कुमार शर्मा थे तो वहीं झारखंड प्रदेश अतिथि शिक्षक संघ प्रतिनिधि मंडल में संयोजक डॉ धीरज सिंह मो तल्हा नदवी, राजू हजाम, विकास कुमार, शिव कुमार, विद्याधर मेहता, मो। आसिफ, नीहारिका महतो, दीपशिखा समदर्शी, डॉ सुषमा साहू, डॉ सुरभि,आलोक उत्पल, डॉ कृष्णकांत, डॉ अरविंद, डॉ मुमताज, डॉ हैदर, डॉ शाहबाज, आशीष कुमार व अन्य उपस्थित थे।

## 1.36 लाख करोड़ रुपये का कोयला बकाया मामला

# केंद्र से बकाया वसूलने के लिए कानूनी कार्रवाई शुरू करेगी राज्य सरकार : मुख्यमंत्री

### सीएम हेमंत ने कोयला मंत्री प्रल्हाद जोशी को लिखा पत्र

मेट्रो रेज

**रांचीः** केंद्र सरकार द्वारा 1.36 लाख करोड़ रुपये बकाये के दावों को खारिज किये जाने से एक बार फिर राजनीति गरमा गई है। केन्द्र सरकार ने झारखंड सरकार को 100 करोड़ रुपये उपलब्ध कराये हैं। 1.36 लाख करोड़ रुपये की बकाया राशि का दावा पूरी तरह खारिज कर दिया गया है। दरअसल, बिहार के सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने झारखंड की रॉयल्टी (कोयले से राजस्व के रूप में एकत्र किया जाने वाला कर) के केंद्र सरकार पर बकाया होने के संबंध में लोकसभा में सवाल उठाया था। इस पर केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने सदन में दिए अपने लिखित जवाब में कहा कि यह उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार का कोई भी हिस्सा केंद्र सरकार की मंजूरी के लिए लंबित नहीं है। ज्ञात हो कि हेमंत सोरेन सरकार लगातार झारखंड से कोयला रॉयल्टी के रूप में केंद्र सरकार और कोयला कंपनियों का बकाया 1.36 लाख करोड़ रुपये राज्य को देने की मांग कर रही है। राज्य के 14वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेते ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कैबिनेट में पहले ही घोषणा कर दी थी कि राज्य सरकार



केंद्र से अपना बकाया 1.136 लाख करोड़ रुपये वसूलने के लिए कानूनी कार्रवाई शुरू करेगी ।

**केंद्र सरकार के पास कोई बकाया राशि नहीं हैः** अब केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने लोकसभा में एक लिखित जवाब में कहा कि चूंकि कोयले से मिलने वाला 1.40 लाख करोड़ रुपये का राजस्व केंद्र सरकार के पास लंबित है, इसलिए झारखंड सरकार का इस कर में कोई हिस्सा नहीं है। इस संबंध में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर झारखंड के भाजपा सांसदों से अपील की और कहा कि उन्हें उम्मीद है कि वे हमारी जायज मांगों को पूरा करने के लिए आवाज उठाएंगे। झारखंड के विकास के लिए यह राशि मिलना बहुत जरूरी है।

कोयला मंत्री प्रल्हाद जोशी को पत्र लिखाः ज्ञात हो कि मार्च 2022 में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने देश के कोयला मंत्री प्रल्हाद जोशी को पत्र लिखकर दावा किया था कि झारखंड पर कोयला कंपनियों का 1.36 लाख करोड़ रुपये का कर्ज है। मुख्यमंत्री हेमंत के अनुसार धुले कोयले की रॉयल्टी मद में रु। एमडीडीआर अधिनियम की धारा 21(5) के तहत 2,900 करोड़ रु। 32,000 करोड़ रुपये और भूमि मुआवजा शीर्ष के तहत रु। 1,01,142 करोड़ यानि कुल रु। 1,36,042 करोड़ रुपए बकाया हैं। चार पृष्ठों के पत्र में खनिज रियायत नियम 1960, एमडीडीआर अधिनियम और सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों का भी हवाला दिया गया है। अपने पत्र में सीएम सोरेन ने अनुरोध किया है कि राज्य की आर्थिक स्थिति को देखते हुए केंद्रीय कोयला मंत्री पहल करें और सभी कोयला कंपनियों को बकाया राशि लौटाने का निर्देश जारी करें। कोयला बकाया वसूलने के प्रयास इसके बाद से ही यह मुद्दा लगातार राज्य में उठता रहा है, चाहे वह लोकसभा चुनाव 2024 हो या विधानसभा चुनाव 2024, भारतीय गठबंधन के नेताओं द्वारा इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाया गया। विधानसभा चुनाव परिणाम के बाद सरकार गठन के साथ ही पहली कैबिनेट में ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा था कि राज्य सरकार केंद्र से 1.36 लाख करोड़ रुपये का कोयला बकाया वसूलने के लिए कानूनी कार्रवाई शुरू करेगी।

## अज्ञात शव बरामद

**रांचीः** राजधानी रांची के बड़ा तालाब से शुक्रवार सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस के अनुसार, मृतक व्यक्ति की पहचान फिलहाल नहीं हो पाई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, जिससे मौत के कारणों का पता लगाया जा सके। घटनास्थल से कोई पहचान पत्र या अन्य सुराग बरामद नहीं हुआ है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। शुरूआती जांच में यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि यह मामला हत्या का है या कोई अन्य घटना का।

## जवान ने की आत्महत्या

**लोहरदगाः** जिले के कुडू थाना क्षेत्र के कोलसिमरी गांव में शुक्रवार को एक दुखद घटना घटी, जब झारखंड पुलिस के एक जवान ने आत्महत्या कर ली। यह जवान छुट्टियों में अपने घर आया हुआ था और दो दिन बाद ड्यूटी पर लौटने वाला था। मृतक जवान की पहचान रामलोचन महतो के बेटे रामू महतो के रूप में हुई है, जो सिमडेगा पुलिस लाइन में सिपाही के पद पर कार्यरत था। पारिवारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, रामू महतो 13 दिसंबर को छुट्टियों पर घर आया था और 22 दिसंबर को ड्यूटी पर वापस लौटने वाला था। आत्महत्या के पीछे पारिवारिक कारणों का पता चल रहा है, हालांकि पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।



## शिक्षा के क्षेत्र में अलख जगाने के लिए डा. राजेश दत्त को किया गया सम्मानित

**रांचीः** लायंस क्लब ऑफ रांची हरिकनक ग्रेटर,शिवा लिंगम मानव सेवा संस्थान,कपिल फाउंडेशन,छात्र क्लब ग्रुप के संयुक्त तत्ववाधान में शिक्षा के क्षेत्र में अलख जगाने के लिए दयानंद आर्य विद्या पब्लिक स्कूल कमड़े एवं मांडर के निर्देशक राजेश दत्त को विद्यालय मे सम्मानित किया गया साथ ही आने वाले नववर्ष की शुभकामनाएं भी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता लायन राजेश केडिया ने की। मौके पर शिव किशोर शर्मा ने कहा शिक्षा ही सबसे बड़ा धन है जो बांटने से ही और बढ़ता है एवं आगे कहा डॉक्टर राजेश दत्त के निर्देशन मे सैकड़ो बच्चे झारखंड ही नहीं देश के विभिन्न राज्यों में ऊंचे पद पर नौकरी प्राप्त कर देश की जनता के साथ साथ घर परिवार की भी सेवा कर रहे है साथ ही डॉक्टर दत्त का एक ही उद्देश्य है क्षेत्र के सभी बच्चे शिक्षित हो और घर परिवार देश एवं राज्य का नाम रौशन करें। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से अवधेश प्रसाद दत्त,लायन राजेश केडिया,लायन विजय पाठक, दीपक कुमार साहू,शिव किशोर शर्मा,संतोष कुमार श्रेयांश,गगन कुमार व अन्य शामिल थे।

## सज गया क्रिसमस बाजार, चरनी व सांता क्लॉज की बढ़ी मांग



**रांचीः** क्रिसमस का त्योहार करीब आते ही इसाई समुदाय के लोग इसकी तैयारी में लग गये हैं। राजधानी के बाजार भी क्रिसमस के थीम पर सज गये हैं। बाजार में क्रिसमस पर्व को लेकर सजावटी सामग्रियों से दुकानें सज गई हैं। खरीदार भी अपने घर आंगन को सजाने सवारने के लिये खरीदारी के लिये पहंच रहे हैं। लोग सबसे अधिक झालर, सांता क्लॉज, स्टार, चरनी व क्रिसमस ट्री की मांग कर रहे हैं। ये बाजार क्रिसमस बाजार मेन रोड, अपर बाजार, चर्च रोड, कोकर, लालपुर, कांटाटोली, धुर्वा, डोरंडा व बहु बाजार आदि क्षेत्रों में लगा है।

पुस्तक समीक्षाः सुलभ प्रेम दुर्लभ

## सामाजिक और पारिवारिक जीवन पर आधारित कहानियों का संग्रह



**श्री** आर्केश द्वारा लिखित सुलभ प्रेम दुर्लभ, एक सामाजिक और पारिवारिक जीवन पर आधारित कहानियों का संग्रह है, जिसमें पन्द्रह कहानियों को संकलित किया गया है। इन कहानियों में यह दशार्ने का प्रयास किया गया है कि प्रेम के साथ रह कर कैसे जीवन को सरल बनाया जा सकता है। आपसी कलह और मनमुटाव के कारण जीवन की अशांति की वजह ढूँढ़ती कहानियाँ, बेशक अपनी सी लगेगी। परिवार और समाज में व्याप्त कठिन संघर्षों के बीच भी रिश्तों में मधुरता बनी रहे, तभी जीवन सार्थक है और यह सार्थकता प्रेम के साथ जुड़ कर ही प्राप्त किया जा सकता है। जीवन को सीधी और सही राह प्रेम ही दिखा सकता है। एक स्वार्थ है, जो हमें त्याग नहीं करने देता और त्याग बिना प्रेम के हो नहीं सकता। स्वार्थ और त्याग के द्वंद्व के बीच फँसा इंसान जीवन को आसान बनाने के लिए किसे चुने? ऐसी ही स्थितियों को दशार्ती इन कहानियों में लेखक का देखा, सुना और भोगा अनुभव भी शामिल है।

हम भले ही ध्यान न दें, लेकिन यह सच है कि माता-पिता के अच्छे कर्मों का मीठा फल बच्चे भी चख लेते हैं। संग्रह की एक कहानी, प्रतिफल में कुछ ऐसा ही दर्शाया गया है। कहानी की एक पात्र राधा, जब शहर से गाँव लौट रही थी तो उसके सारे पैसे चोरी हो गए। तब एक ऐसे शख्स ने उसकी मदद की जो कभी शहर गया ही नहीं था। यह घटना सोचने पर विवश करती है कि वाकई कर्मों का फल इस धरती पर भी मिल जाता है।

ग्रामीण परिवेश में फलती-फूलती ये कहाँनियाँ भाग-दौड़ की जिन्दगी से उठी थकान को दूर करने में जरूर सफल होगी, ऐसी आशा है।

प्रिय पाठकों के लिए कहानी संग्रह सुलभ प्रेम दुर्लभ अमेजन पर उपलब्ध है।

**लेखक** - **श्री आर्केश**
**प्रकाशक** - निखिल प्रकाशन
**पृष्ठ संख्या** - 123
**मूल्य** - 100/-

## समाजसेवी रामाशंकर प्रसाद को बिरसा मुंडा रत्न अवार्ड

संवाददाता

**रांचीः** सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाने वाले बिरसा चौक (हटिया स्टेशन रोड) निवासी व होटल द पार्क रिट्रीट के संचालक रामाशंकर प्रसाद को बिरसा मुंडा रत्न-2024 अवॉर्ड प्रदान किया गया है। होटल रेडिसन ब्लू में आयोजित एक समारोह में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय व अन्य द्वारा उन्हें बिरसा मुंडा रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया।

विदित हो कि रामाशंकर प्रसाद विगत लगभग तीन दशकों से समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय हैं। विभिन्न पर्व-त्योहारों के अवसर पर सामाजिक समरसता की उन्होंने मिसाल पेश की है।



समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए उन्हें विभिन्न संगठनों द्वारा भी सम्मानित किया गया है। रमाशंकर प्रत्येक वर्ष बिरसा चौक पर दिसंबर के महीने में गरीबों व जरूरतमंदों को ठंड से राहत पहुंचाने के लिए कंबल व अन्य गर्म वस्त्रों का वितरण करते रहे हैं। कोरोना संक्रमण काल के दौरान उन्होंने लगातार तीन महीने तक गरीबों व जरूरतमंदों को एक समय का भोजन कराकर पीड़ित मानवता की सेवा की मिसाल पेश की। कोरोना काल के दौरान उन्हें कोरोना योद्धा की उपाधि से भी विभिन्न संगठनों द्वारा नवाजा गया। रामाशंकर प्रसाद को बिरसा मुंडा रत्न अवॉर्ड से सम्मानित किए जाने पर गोपाल कृष्ण झा, जयंत झा, विजय शर्मा, दीपक प्रसाद, वीर नारायण प्रसाद, आशा देवी, अंकित कलवार सहित अन्य परिजनों व शुभचिंतकों ने बधाई दी।

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्य के लिए दर्शायी गयी तिथि में सील की गई खुली निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा संख्या :** एस.एण्ड टी./बी. के.एन ईटी 308 **कार्य का नाम व स्थान :** बीकानेर मंडल 02 स्टेशनों (सातरोड़ तथा लालगढ़ स्टेशन) पर लगे Medha make इलेक्ट्रोनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम का दो वर्षो के लिए वार्षिक रखरखाव का कार्य। **अनुमानित लागत मूल्य रू. :** 3503176.32 **Bid Security :** 70100.00 **निविदा प्रस्तुत करने की तिथि व समय :** 06.01.25 को 15.00 बजे तक वेब साइट जहॉं निविदा का पूरा विवरण देखा व डाऊनलोड किया जा सकता है : www.ireps.gov.in 1454-CR/24

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

**कार्यालय, जिला बाल संरक्षण इकाई, सिमडेगा।**
**(धारा 106, सहपठित नियम 85, किशोर न्याय (बालकों के देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 के अन्तर्गत संचालित जिला बाल संरक्षण कार्यालय, पता सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय सिमडेगा**
Email/dcpssimdega@gmail.com

पत्रांक–DCPU/SDG/ ............/............/दिनांक............



**आवश्यक सूचना**

बाल कल्याण समिति सिमडेगा के पत्रांक 450/CWC/SDG दिनांक 18/12/2024 द्वारा बालिका पगाली, पिता–अज्ञात, माता–अज्ञात, उम्र 16 वर्ष (लगभग) के बारे में जानकारी दी गई। इस बालिका को दिनांक–01.12.2024 को कोलेबिरा थाना के एस0 आई0 के द्वारा बाल कल्याण समिति, सिमडेगा के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिसका मामला संख्या–331/2024 दर्ज है। बाल कल्याण समिति, सिमडेगा के आदेशानुसार बालिका वर्तमान में सहयोग विलेज बालिका गृह सामटोली, सिमडेगा में रह रही है।

बालिका के माता–पिता या सगे संबंधियों की जानकारी हेतु अखबार में प्रकाशित किया जा रहा है।

वजन–42 कि0 ग्रा0, लिंग– महिला ऊँचाई 148 से0 मी0, रंग– सांवली, शारीरिक संरचना–दुबली, लम्बी, आँख का रंग–काला, बाल का रंग–काला, भाशा–हो, मुण्डा की मिश्रित भाषा (टूटी फूटी हिन्दी समझती है।) कपड़ा– हरा कुर्ती, नारंगी–लेगिंस, लाल–दुप्पटा, कथा–स्वेटर, कान में बाली, पैर में हवाई चप्पल।

अगर किसी को इनकी जानकारी हो तो जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी सिमडेगा के सम्पर्क नं0–8210698265, अध्यक्ष/सदस्य बाल कल्याण समिति सिमडेगा के सम्पर्क नं0–8210833167,7004171753, 8709869285, 7321043179, 9835167403 एवं चाईल्ड हेल्प लाईन सिमडेगा के मोबाईल नं0–8825287847 पर सम्पर्क कर सकते है।

चाईल्ड हेल्प लाईन टॉल फ्री नं0–1098
PR 342397 (Simdega)24-25*D

जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी,
सिमडेगा

## आरकेडीएफ विवि के प्रथम दीक्षांत समारोह का भव्य आयोजन, 50 विद्यार्थियों को मिला गोल्ड

**रांचीः** राजधानी रांची में रामकृष्ण धर्मार्थ फाउंडेशन आरकेडीएफ विश्वविद्यालय का पहला दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर, आईसीएआर, नामकुम में भव्य तरीके से आयोजित किया गया। इस दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय के 2019-2023 सत्र के विभिन्न स्ट्रीम से पास हुए 50 छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। इसके अलावा, स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों के कुल 1061 छात्र-छात्राओं को उपाधि प्रदान की गई।

कार्यक्रम के दौरान संजय चतुर्वेदी को उनके उत्कृष्ट सेवा कार्य के लिए राम कृष्ण धर्मार्थ फाउंडेशन आरकेडीएफ विश्वविद्यालय रांची द्वारा मानव दर्शनशास्त्र में मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि प्रो।




(डॉ।) प्रवीन चंद्र त्रिवेदी ने अपने भाषण से छात्रों का मनोबल बढ़ाया और उन्हें सामाजिक सेवा और नैतिक मूल्यों के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने डिग्री प्राप्त करने वाले छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

**इन लोगों ने दर्ज कराई उपस्थिति :** विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ आशीष गौतम( अध्यक्ष), दिव्य प्रेम मिशन, हरिद्वार (उत्तराखंड) और संत शिरोमणि प्रदीप कौशिकजी महाराज, देवघर (झारखंड) उपस्थित रहे। इस दौरान डॉ बीएन सिंह, निदेशक, आरकेडीएफ विश्वविद्यालय, भोपाल (मध्य प्रदेश) और डॉ ज्योति कुमार, सलाहकार भी समारोह में उपस्थित रहे और छात्रों को उनके भविष्य की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी।

**कुलपति ने छात्रों को परिवार और देश का नाम रोशन करने को कहा :** डॉ शुचितांग्शु चटर्जी, कुलपति, आरकेडीएफ विश्वविद्यालय ने इस अवसर पर विश्वविद्यालय के छात्रों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए उपाधियां प्रदान की। उन्होंने छात्रों को सफलता के पथ पर आगे बढ़ने और अपने परिवार, समाज, विश्वविद्यालय और देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। कुलपति ने इस आयोजन को विश्वविद्यालय के इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय बताते हुए कहा कि यह समारोह छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के लिए गर्व का क्षण है और एक नए युग की शुरूआत का प्रतीक है।

**राष्ट्रगान के साथ हुआ समारोह का समापनः** समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिसमें सभी प्रतिष्ठित अतिथियों, विश्वविद्यालय के अधिकारियों और बड़ी संख्या में छात्रों और अभिभावकों ने भाग लिया।

**Office of Civil Surgeon – Cum - Chief Medical officer, Gumla.**
**(Department of Health and Family Welfare)**
Recruitment Notice

**Advt. No. –** **InterviewDate: - 07.01.2025**

Civil Surgeon, Gumla invites application for contractual recruitment for District Programme Coordinator under AB -MMJAY (Ayushman Bharat- Mukhyamantri Jan Arogya Yojna).

| Sl No. | Position | No. of Post | Desired Qualification and Experience | Remuneration (Rs./per Month) | Age Limit |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | District Program Coordinator | 01 - UR | **Essential Qualification.** •MBBS/MBA in healthcare or Master of health/ Hospital Administration or Master of Public Health full time regular university degree. •At least 2 years of experience in implementation of government health insurance programme or insurance industry or TPA (Third Party Administrator) | 50,000.00 | Up to 45 Years |

Terms and Conditions:-
Relevant document can be downloaded from http://gumla.nic.in

- The desirous candidates having requisite qualifications and fulfilling other eligibility conditions may come for appearing in walk-in-interview along with filled application on prescribed format and all the certificates in original in support of their qualification, experience in District Collectorate Hall, Gumla, at 10:00 AM onwards on January 07th 2025.
- No TA/DA will be paid to candidates attending the interview.
- Chairman, Selection Committee will have the sole authority to accept or reject any application, if he is satisfied with the cause to do so, without assigning any reason thereof.
- Selection to the above posts will be on the basis of meritorious academic record and performance in the Interview conducted by the District Administration.
- Candidate with higher qualification will be given preference for the post.

Civil Surgeon - Cum – Chief Medical Officer, Gumla.
PR 342383 Health Med Edu and Family Welfare(24-25)D

## सूक्ति

उठो और तब तक चलो जब तक की तुम्हें तुम्हारी मंजिल नहीं मिल जाती है। - विवेकानंद

## आखिर यह हो क्या रहा है?

आखिर यह हो क्या रहा है? जो कुछ हो रहा है क्या वह सचमुच दुनिया के विशालतम लोकतंत्र की संसद में ही हो रहा है? गली-मोहल्ले में खेल-खेल में लड़-भीड़. जाने वाल तू - तू मैं- मैं पर उतर जाने वाले, एक-दूसरे के साथ धक्का- मुक्की करने और पहले तूने गाली दी , तूने धक्का दिया, तूने बेईमानी की, तूने झूठ बोला जैसे गली छाप वातार्लाप में लिप्त हो जाने वाले निठल्ले, आवारा लड़कों की याद दिला रही है संसद। संसदीय व्यवहार इतना उथला, अभद्र और अशोभनीय हो चला है कि इस पर कोई गंभीर या विचारपरक टिप्पणी करना भी कठिन होता जा रहा है। आखिर गृह मंत्री अमित शाह ने ऐसा क्या कह दिया था कि आसमान गिरता हुआ लगे या धरती फटती हुई दिखे। अमित शाह ने यही तो कहा था कि आप हर समय अंबेडकर-अंबेडकर करते रहते हैं। अगर इतनी रटन भगवान को लेकर की गई होती तो स्वर्ग मिल जाता। अब इसमें कांग्रेस ने अंबेडकर का अपमान देख लिया। कैसे देख लिया। कहां से देख लिया यह कांग्रेस अभी तक नहीं बता पाई है, लेकिन कांग्रेस की देखा- देखी विपक्षी इंडिया गठबंधन के हर घटक ने इस कथित अपमान को लपक लिया और अब इनमें से कोई अमित शाह का इस्तीफा मांग रहा है तो कोई मोदी से अमित शाह को बर्खास्त करने की गुहार लगा रहा है तो कोई भाजपा के कथित अंबेडकर के अपमान पर आंदोलन चलाने पर उतर आया है। उधर भाजपा ने कांग्रेस और अंबेडकर के रिश्ते का इतिहास उड़ेल कर रख दिया है जो बताता है कि अंबेडकर की उपेक्षा, अवहेलना या अपमान अगर सबसे ज्यादा किसी ने किया है तो कांग्रेस ने किया है। शायद कांग्रेस को यह अच्छा नहीं लगा कि अंबेडकर के साथ भगवान को रखा जाए। उसे स्पष्ट कहना चाहिए था कि अंबेडकर के साथ भगवान को बिठाना अंबेडकर का अपमान है क्योंकि वह अंबेडकर को ही अपना भगवान मानने लगी है। शायद अमित शाह से भी चूक हो गई। उन्हें भी समझना चाहिए कि विपक्षी दलों को भगवान का नाम लेने से मोक्ष प्राप्त नहीं होगा बल्कि अंबेडकर के नाम की माला जपने से दलित सधेंगे, उसके पक्ष में वोट करेंगे और अंतः सत्ता रूपी स्वर्ग तक पहुंचाएंगे। इस समय भगवान नहीं बल्कि अंबेडकर ही जपने के लिए भगवान हैं; भले भीतर कितना भी कपट क्यों न भरा हो। अंत में प्रार्थना ही की जा सकती है कि हे भगवान इन्हें सद्बुद्धि दें?

## दिखानी होगी समझदारी

न्यूतम समर्थन मूल्य सहित अपनी विभिन्न मांगों को लेकर केंद्र सरकार पर दबाव बनाने के लिए किसानों के रेलमार्गों पर बैठने से पंजाब की ट्रेनें प्रभावित हुइ्र। दोपहर बारह से तीन बजे तक वे पटरियों पर बैठे रहे जिससे दस से अधिक जिलों का रेल यातायात प्रभावित रहा। उधर सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि किसानों के सुझावों व मांगों के लिए अदालत के दरवाजे हमेशा खुले हैं। किसानों के इस आंदोलन को हरियाणा की खाप पंचायतों ने भी समर्थन देने का फैसला किया है। हरियाणा सकरार की निंदा करते हुए वे शंभू व खरौनी बॉर्डऱ पर बैठे प्रदर्शनकारियों का साथ देने को राजी हैं। सरकार की तरफ से आंदोलनकारी किसानों को लेकर जिस तरह की उपेक्षा बरती जा रही है वह हैरान करने वाली है। प्रदर्शन करना या विरोध जताना उनका अधिकार है मगर ट्रेनों को रोकने या सड़कें जाम करने से असल में जनता को ही समस्याओं का सामना करना पड़ता है। प्रदर्शनकारियों की चेतावनी के बावजूद सरकार ने उन्हें रोकने के कोई बंदोबस्त नहीं किए। यह तरीका जताता है कि जनता को होने वाली दिक्कतों को लेकर सरकारी महकमा लापरवाह होता जा रहा है। आमरण अनशन पर बैठे किसानों के प्रति भी घोर उपेक्षा बरती जा रही है। नाराज किसानों का आरोप है कि विपक्ष भी उनकी आवाज उठाने में कोताही बरती है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट की तरफ से बनाई गई कमेटी से बात करने को भी किसान राजी नहीं हैं। उनका मानना है कमेटियां खानापूर्ति के लिए बनाई जाती हैं। हालांकि विभिन्न गुटों में बढ़ रही फूट को मौका मानकर सरकार इस आंदोलन के ठंडा पड़ऩे का इंतजार करती प्रतीत हो रही है। देश में किसान आंदोलन हमेशा होते रहे हैं मगर उनकी जिस कदर उपेक्षा की जा रही है वह न्यायोचित नहीं कही जा सकती। यह कहना गलत नहीं है कि सरकार का काम करने का अपना तरीका होता है। उस पर इस मामले में अदालत का हस्तक्षेप भी हो चुका है। सरकार का कोई भी निर्णय पूरे देश के किसानों के हित को लेकर ही किया जाना उचित होगा। बड़े. व रसूखदार किसानों को थोड़ा सब्र रखना होगा। उन्हें भी यह ख्याल रखना होगा कि उनके किसी आचरण से आम जनता का जीवन न प्रभावित हो। क्योंकि रहवासियों से किसानों का कोई विवाद नहीं है।

# अनहद में समाया जाकिर हुसैन का तबला

> आने वाली पीढ़ियां विश्वास नहीं करेंगी कि भारतीय संगीत का पूरे विश्व में डंका बजाने बारे उस्ताद जाकिर हुसैन जैसा शख्स भी इस धरती पर अवतरित हुआ था। उनका इस धरा पर अवतरित होना तथा खो जाना अकल्पनीय है। अब दुनिया में तबले पर शिव के डमरू का नाद, शंख की ध्वनि, घोड़े का दौड़ना, दौड़ती रेलगाड़ी की आवाज, झगड़ते हुए पति-पत्नी की गुफ्तगू की ध्वनियां सुनने को नहीं मिलेंगी। संगीत के तराने, घरानों के सबक, महान गुरुओं के किस्से, जीवन के अनुभव, सांगीतिक एवं मानवीय संस्कार, अनुकरणीय उस्ताद की नम्रता और विनम्रता अब देखने को नहीं मिलेगी क्योंकि यह सत्य है और हमें विश्वास करना होगा कि मनुष्यों तथा कलाकारों में श्रेष्ठ उस्ताद जाकिर हुसैन जैसा अकल्पनीय तबला वादक अब हमारे बीच में नहीं है और वह नाद ब्रह्म की सेवा के लिए अनंत यात्रा पर निकल चुके हैं।

**सुरेश शर्मा**

विश्वविख्यात तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन का इस भौतिक जगत से ब्रह्म नाद में समा जाना पूरी दुनिया में शून्य पैदा कर गया। दुनिया भर के संचार माध्यम, रेडियो, टेलीविजन, समाचार पत्र, न्यूज चैनल, इंस्टाग्राम, ट्विटर, फेसबुक तथा वाट्सएप शोक संदेश तथा उस्ताद जाकिर हुसैन के किस्सों तथा तबला वादन के क्लिप्स से भर गए। नौ मार्च उन्नीस सौ इक्यावन को पैदा हुआ यह महान भारतीय कलाकार अपनी सुर और लय की सांगीतिक यात्रा पूर्ण कर पन्द्रह दिसम्बर दो हजार चौबीस को दुनिया में तबले का धमाल पैदा कर हमेशा के लिए ओझल हो गया। आने वाली पीढ़ियां विश्वास नहीं करेंगी कि भारतीय संगीत का पूरे विश्व में डंका बजाने बारे उस्ताद जाकिर हुसैन जैसा शख्स भी इस धरती पर अवतरित हुआ था। उनका इस धरा पर अवतरित होना तथा खो जाना अकल्पनीय है। अब दुनिया में तबले पर शिव के डमरू का नाद, शंख की ध्वनि, घोड़े का दौड़ना, दौड़ती रेलगाड़ी की आवाज, झगड़ते हुए पति-पत्नी की गुफ्तगू की ध्वनियां सुनने को नहीं मिलेंगी। संगीत के तराने, घरानों के सबक, महान गुरुओं के किस्से, जीवन के अनुभव, सांगीतिक एवं मानवीय संस्कार, अनुकरणीय उस्ताद की नम्रता और विनम्रता अब देखने को नहीं मिलेगी क्योंकि यह सत्य है और हमें विश्वास करना होगा कि मनुष्यों तथा कलाकारों में श्रेष्ठ उस्ताद जाकिर हुसैन जैसा अकल्पनीय तबला वादक अब हमारे बीच में नहीं है और वह नाद ब्रह्म की सेवा के लिए अनंत यात्रा पर निकल चुके हैं। ऐसा लग रहा है मानो लय थम सी गई है, सुर घुट सा रहा है तथा संगीत सिसकारियां भर रहा है।

यह एक ऐसे श्रेष्ठ व्यक्ति की कहानी है जिसे लिखने के लिए जहां शब्द निःशब्द हो जाते हैं तथा गणनाएं शून्य हो जाती हैं, कल्पनाएं बड़ा आकार लेने के कारण उन्हें समेटा नहीं जा सकता तथा केवल अनुभव एवं अनुभूत किया जा सकता है। सौभाग्यशाली हैं वो लोग जिन्होंने उस्ताद जाकिर हुसैन के दर्शन किए हैं और उनका विलक्षण तबला वादन सुना है। एक ही बात मुंह से निकलती थी- वाह उस्ताद वाह, क्या बात है। बालक जाकिर हुसैन ने मात्र बारह वर्ष की आयु से ही व्यावसायिक तबला वादन का जलवा बिखेरना शुरू कर दिया था। उनके पिता अल्ला रक्खा खां साहब ने उनके तबले की तालीम तथा मां बीबी बेगम ने उनकी पढ़ाई पर केन्द्रित किया। उस्ताद जाकिर हुसैन पारिवारिक संस्कारों तथा पिता विश्वप्रसिद्ध पंजाब घराने के तबला वादक उस्ताद अल्ला रक्खा खां साहब की कड़ी तालीम तथा देखरेख में आगे बढ़े हैं। तबले को आम आदमी की जिंदगी से जोड़ना तथा सामान्य घटनाओं, सूक्ष्म अनुभूतियों तथा ध्वनियों को तबले पर उतारना उनकी विशेषता रही है। उस्ताद जाकिर हुसैन ने विश्व भर के युवा तबला वादकों में एक खास अंदाज तथा तबला वादन के लिए एक विशेष आकर्षण पैदा किया है। उन्होंने विश्व में एकल तबला वादकों में प्रस्तुति का एक विशेष प्रदर्शन कौशल का अंदाज दिया है। जाकिर हुसैन ने लय-ताल तथा तबले के साथ विश्वभर के पाश्चात्य ताल वादकों के साथ अनेकों प्रयोग किए। तबला वादक होने के साथ वे एक संगीत निर्देशक, प्रयोगधर्मी तथा अभिनेता भी रहे हैं। उनको एक सम्पूर्ण कलाकार तथा श्रेष्ठ, अनुकरणीय एवं उदाहरणीय संगीतज्ञ के रूप में हमेशा याद किया जाएगा। संगीत के करियर में उन्हें पांच ग्रैमी अवॉर्ड से सम्मानित किया जा चुका है। जाकिर हुसैन ताउम्र देश-विदेश तथा अन्तरराष्ट्रीय संगीत समारोहों में अपने तबले का कमाल दिखाते रहे। वे दुनिया भर में भारतीय कला तथा संगीत के अग्रदूत थे। भारत सरकार द्वारा सन 1988 में महज 37 वर्ष की आयु में नागरिक अवार्ड पद्मश्री, 2002 में पद्म भूषण दिया गया तथा 22 मार्च 2023 को भारत की राष्ट्रपति महामहिम द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें पद्म विभूषण से सम्मानित किया।

इसके अतिरिक्त भारत सरकार द्वारा संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार, अकादमी रत्न पुरस्कार, इंडो-अमेरिकन अवार्ड, मध्य प्रदेश सरकार द्वारा कालीदास सम्मान तथा अनेकों प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। इस अनूठे तथा आकर्षक तबला वादक ने दुनिया भर में एक विशेष इज्जत तथा नाम कमाया है जो कि बिरले ही व्यक्ति को नसीब होता है। इतनी बड़ी शख्सियत के जाने पर महमूद रामपुरी का शेह्रर याद आता है, मौत उसी की है करे जिसका जमाना अफसोस/यूं तो दुनिया में सभी आए हैं मरने के लिए । संगीत की दुनिया में अद्वितीय एवं अकल्पनीय योगदान देने के लिए भारतीय संगीत जगत उन्हें अनंत काल तक याद रखेगा। संगीत का यह सूर्य कभी भी अस्त नहीं हो सकता। संगीत के क्षेत्र में दुनिया में भारत का परचम लहराने के लिए भारतीय संगीत समाज में उस्ताद जाकिर हुसैन को भारत सरकार द्वारा प्रदान किए जाने वाले प्रतिष्ठित सर्वोतम नागरिक पुरस्कार भारत रत्न की मांग होने लगी है। निश्चित रूप से ऐसा होना भारत माता के अद्वितीय सपूत का सम्मान होने के साथ-साथ भारतीय कलाओं तथा कलाकारों का सम्मान होगा। संगीत जगत में उन्हें हमेशा याद रखा जाएगा।

# थैले में फिलीस्तीन की आजादी

> इस मामले में सोनिया गांधी कुछ न कुछ बताती ही होंगी या कम से कम माथा तो खपाता ही होंगी। तब पता चलता है कि वे भारत के लोगों में फूट डालते थे और राज करते थे।

**कुलदीप चंद अग्निहोत्री**

गांधी-नेहरु परिवार लम्बे अरसे से राजनीति में सक्रिय है। लेकिन यह शायद पहली बार है कि लगभग सारा परिवार संसद में उपस्थित है। सोनिया गांधी राज्यसभा की सदस्य हैं, उनका बेटा राहुल गांधी और उनकी बेटी प्रियंका गांधी लोकसभा की सदस्य हैं। मोती लाल नेहरु से राजनीति शुरू करने वाला यह परिवार सोनिया गांधी तक पहुंचते-पहुंचते देश की राजनीति में तो बना हुआ है, लेकिन भारतीय संस्कृति, उसके इतिहास व समाजशास्त्र से बुरी तरह कट चुका है। इसमें परिवार की इस पीढ़ी का दोष नहीं है। सोनिया गांधी से इस प्रकार की आशा भी नहीं करनी चाहिए। जहां तक उनके बेटे और बेटी का प्रश्न है, वे छोटी उम्र में ही पिता के साये से मरहूम हो गए थे। इसलिए उन पर माता का ही प्रभाव पड़ सकता था। यह प्रभाव पड़ा भी। यही कारण है कि राहुल गांधी जलेबियों की फैक्टरियां लगवा कर चुनाव जीतने की रणनीति बनाने लगे। जहां तक प्रियंका गांधी का प्रश्न है, उसको शायद किसी ने बता दिया होगा कि आजकल देश में प्रमुख मुद्दा फिलीस्तीन की आजादी का है। यदि कांग्रेस फिलीस्तीन की आजादी के पक्ष में खड़ी हो जाती है, तो भारत के लोग कांग्रेस के पक्ष में खड़े हो सकते हैं। यानी भारत में कांग्रेस की सत्ता में वापसी का रास्ता फिलीस्तीन की आजादी में से होकर गुजरता है। लेकिन असली मसला तो यह था कि कांग्रेस या भारत की फिलीस्तीन को आजादी दिलवाने में क्या भूमिका हो सकती है? आजादी प्राप्त करने का तरीका क्या है? सोनिया गांधी परिवार के लिए गणित के इस कठिन प्रश्न का उत्तर पा लेना जरूरी था।

अब इस कठिन प्रश्न का उत्तर कांग्रेस के लिहाज से एक ही हो सकता था कि प्रियंका गांधी अपने कन्धे पर फिलीस्तीन की आजादी लिखा बैग लेकर संसद में जाए तो फिलीस्तीन आजाद हो सकता है। फिलीस्तीनी आजादी से प्रसन्न होकर भारत में कांग्रेस की सत्ता वापसी हो सकती है। दूसरे दिन किसी ने बता दिया कि फिलीस्तीन की आजादी भारत का इश्यू नहीं है। यहां तो सत्ता वापसी का रास्ता बांग्लादेश के हिंदू का मसला उठाने से बन सकता है। तब दूसरे दिन प्रियंका गांधी अपने पर्स पर बांग्लादेश लिखवा लाईं। लेकिन चिंता तो है ही। समय निकलता जा रहा है और सत्ता वापस आने के आसार दूर-दूर तक दिखाई नहीं दे रहे। खुदा का शुक्र है कि सोनिया जी के दोनों बच्चे अंग्रेजी पढ़े लिखे हैं। पुराने ब्रिटिश मास्टर की किताबों में दिन-रात खपते हैं। आखिर यूरोप के लोग दो सौ साल हिंदुस्तान पर राज कैसे कर गए? इस मामले में सोनिया गांधी कुछ न कुछ बताती ही होंगी या कम से कम माथा तो खपाता ही होंगी। तब पता चलता है कि वे भारत के लोगों में फूट डालते थे और राज करते थे। तभी से पूरा राज परिवार भारत में हर हालत में जाति के आधार पर जनगणना करवाने को लेकर छटपटा रहा है। प्रतीक्षा करनी चाहिए, अब प्रियंका गांधी जाति गणना करवाएं वाला बैग लेकर संसद में कब आती हैं। सत्ता वापसी का एक दूसरा रास्ता भी दिखाई दे रहा है। ईवीएम को लेकर प्रतिदिन मातमी धुनें बजाई जाएं। इससे देश के भविष्य का प्रश्न जोड़ा जाए। इसलिए हर रोज कायदे से ईवीएम के तबले पर घंटों रियाज किया जाता है। लेकिन राज परिवार की इन हरकतों से आसपास के राजनीतिक पड़ोसी भी घबराहट में हैं। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने तो इस बेमानी शोर शराबे से तंग आकर कह ही दिया कि लगता है आप लोगों से यह हो नहीं पाएगा। ईवीएम का रोना धोना बंद करो, सत्ता प्राप्ति का कोई दूसरा रास्ता तलाशो। लेकिन राज परिवार का यही तो संकट है। सत्ता तक पहुंच पाने का दूसरा रास्ता कहां है, सोनिया-राहुल-प्रियंका ने उस रास्ते की तलाश में मल्लिकार्जुन खडगे साहिब को आगे कर दिया। वह हाथ में डंडा लेकर अंधेरे में टटोलते हुए एक-एक कदम आगे चलते हैं और राज परिवार उनके पीछे चलता है। दुनिया आशा पर ही टिकी हुई है। वैसे भी खडगे देसी आदमी हैं, इस देश को बखूबी समझते हैं। कहीं न कहीं तो पहुंचाएंगे ही। परंतु खडगे भी बेचारा क्या कर सकता है। दुनिया की नजर में तो वह आगे-आगे दिखाई देता है, लेकिन आज्ञा पीछे से राज परिवार ही दे रहा है। कभी दाएं मुड़, कभी बाएं मुड़। इस बुढ़ौती में खडगे साहिब परेशान हैं। लेकिन हर हालत में इस पुराने राज परिवार के बच्चों को इस देश के तख्त पर बिठाना है। पर बच्चे नटखट हैं। खडगे की सुनते नहीं, उन पर अपना हुक्म चलाते हैं। कभी सोरोस जार्ज के कन्धों पर सवार होकर चिकोटी काटते हैं और कभी अमेरिका की भारत विरोधी डीप सटेट के अंग संग दिखाई देते हैं। यह डीप सटेट इतना तो समझ ही गई है कि भारत को तोड़ने का जो सामान और पटाखे उसने लम्बे अरसे से तैयार कर रखे थे, अब भारत में उसके माल का असली ग्राहक मिल गया है। इसलिए फाइव आईज से ये पटाखे लेकर राज परिवार के बच्चे हर रोज भारत के आंगन में जलाते हैं और विदेशी षड्यन्त्रों का प्रदूषण फैलाते हैं। किसान को तो रोज समझाया और डराया जा रहा है कि पराली मत जलाओ, इससे प्रदूषण फैलता है। लेकिन यह पुराना राज परिवार विदेशी षड्यन्त्रों का जहरीला धुआं हर रोज फैलाता है। पर इनको कौन समझाए? खडगे साहिब समझाते तो जरूर होंगे। पर बेचारे क्या करें? लाचार हैं। इस उम्र में राज परिवार की सेवा से किनारा भी तो नहीं कर सकते।

अब राज परिवार पर एक नया भूत चढ़ बैठा है। हिंदू को छोड़ो, मुसलमान को पकड़ लो। वही इस भवसागर से पार लगाएगा और सत्ता के किनारे तक पहुंचा देगा। दूर पार के लोगों ने समझाया भी यहां हिन्दुस्तान में मुसलमान जैसा कुछ नहीं है। ये सब इसी देश के लोग हैं, इटली या अरब से आए हुए लोग नहीं हैं। मुगल राज के बुरे दिनों में नाम बगैरह बदल लिया था, थोड़ा नमाज वगैरह भी सीख लिया था, लेकिन कोई चौहान है, कोई दुबे है, कोई त्यागी है, कोई वैरागी है, कोई पोसवाल है, कोई नम्बूदरी है। अब हालात बदल गए हैं। मुगलों का डर खत्म हो गया है। इसलिए ये सब अपनी नकली चादरें उतार कर अपनी अपनी बिरादरियों के साथ उठना बैठना शुरू कर रहे हैं। पिछले दिनों कितना बड़ा गुज्जर सम्मेलन हो लिया। उसमें हिंदू-मुसलमान दोनों शामिल हुए। राज परिवार की यही सबसे बड़ी चिन्ता है। अब तक एक बिरादरी के मुसलमानों को उसी बिरादरी के हिंदुओं से डराकर, सुरक्षा के नाम पर एक अलग तबेले में रखा जाता था। वह राज परिवार का सुरक्षित वोट बैंक था। लेकिन अब वही वोट बैंक खिसकता नजर आ रहा है। घबराहट में किसी ने सुझाया, जल्दी फिलीस्तीन की आजादी वाले थैले तैयार करवाओ और उसे प्रियंका गांधी के कन्धे पर लटका कर घुमाओ। तभी हिन्दुस्तान का मुसलमान दोबारा राज परिवार की देहरी पर लौट कर आएगा। प्रियंका गान्धी ऐसा थैला लेकर घूमी फिरी भी। लेकिन चौक पर काम मिलने की प्रतीक्षा में खड़ा कोई मुसलमान पूछ रहा है, यह फिलीस्तीन क्या होता है? अब थैला न लटकाते बनता है, न उतारते बनता है। लगता है कांग्रेस को कई झटके मिलने के बावजूद वह वहीं की वहीं खड़ी है।

# मन का शुद्ध होना

**सद्गुरु जग्गी वासुदेव**

### चिंतन-मनन

भक्ति आपकी भावनाओं को इतना मधुर बनाने के लिए है कि आपके जीवन का अनुभव सुंदर हो जाए लेकिन अभी, भक्ति के रूप में जो हो रहा है वह बस एक धोखा है। भक्ति के बारे में लोगों की सोच यह है, भगवान मैंने आपके लिए नारियल फोड़ा है, आप मुझे कल क्या देने वाले हैं? यह भक्ति नहीं है, यह एक खराब सौदा है। मान लीजिए आपके साथ मैं एक सौदा करने की कोशिश करता हूं। जहां मैं आपको दस रुपए देता हूं लेकिन आपको मुझे दस करोड़ रुपए देने होंगे। क्या आप इस सौदे को करने को इच्छुक होंगे? हर कोई भगवान के साथ इसी किस्म का सौदा करने की कोशिश कर रहा है। आप इतने चतुर तो हैं ही कि आप मेरे साथ ऐसा सौदा नहीं करेंगे। आपको बनाने वाले को कम से कम आपसे थोड़ा ज्यादा चतुर होना चाहिए लेकिन आप सोचते हैं कि वो सबसे ज्यादा मूर्खतापूर्ण सौदा करेगा। मैं चाहता हूं कि आप जान लें कि वो सौदा नहीं करेगा। धरती पर धर्म इतने कुटिल इसलिए बन गए हैं क्योंकि भक्ति ने बहुत कपटपूर्ण रूप ले लिया है। तो भक्त बनने की कोशिश करना समय की बबार्दी है। ऐसा नहीं है कि आपमें भक्ति बिलकुल भी नहीं है। हो सकता है कि भक्ति के कुछ पल रहे हों लेकिन आप एक भक्त होने के काबिल नहीं हैं। एक भक्त का अपना कोई एजेंडा नहीं होता। उसका एकमात्र लक्ष्य होता है कि वह अपनी भक्ति की वस्तु में, अपने इष्टदेव में विलीन हो जाना चाहता है। उसका अपने जीवन में कोई दूसरा उद्देश्य नहीं होता। सिर्फ तभी भक्ति आपके लिए काम करेगी। एक सवाल करने वाले मन के साथ, एक संदेह करने वाले मन के साथ भक्ति की कोशिश मत कीजिए। यह जीवन की बबार्दी होगी। आज की दुनिया में, लोग इस तरह के बने हैं अगर भगवान सामने प्रकट होता है, वे उसके सामने समर्पण नहीं करेंगे, वे छानबीन करने की मांग करेंगे। वह वाकई भगवान है या नहीं? इस तरह के मन के साथ आप भक्त नहीं बन सकते। एक समय ऐसा था जब इनसान में सबसे महत्त्वपूर्ण चीज उसकी भावना थी। आज आपके अंदर भावना सबसे महत्त्वपूर्ण हिस्सा नहीं है। फिर भी यह आपमें सबसे तीव्र हिस्सा है। अधिकतर लोग अपने भौतिक शरीर को तीव्रता के ऊंचे स्तर तक नहीं ले जा पाते। शरीर को तीव्र रखने के लिए बहुत अधिक प्रयास करना होता है। बहुत कम लोग इसमें सक्षम हैं। सिर्फ कुछ थोड़े से लोग ही अपने मन को बहुत तीव्र रखने के काबिल हैं। लोगों में उनके मन की तीव्रता आती-जाती रहती है।

## आपके पत्र

### जल्द पारित हो जनसंख्या नियंत्रण कानून

विश्व जनसंख्या दिवस जनसंख्या मुद्दों के महत्व पर ध्यान केंद्रित करने और लोगों को अधिक जनसंख्या के प्रभाव के बारे में शिक्षित करने के लिए मनाया जाता है। अधिक जनसंख्या पर्यावरण क्षरण, सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियों और संसाधनों पर दबाव जैसी गंभीर समस्याओं का कारण बन सकती है। भारत में अत्यधिक जनसंख्या एक गंभीर चिंता का विषय है।

बढ़ती जनसंख्या मानव जीवन के लिए आवश्यक प्राकृतिक संसाधनों को नष्ट करती है, जिससे गरीबी-बेरोजगारी बढ़ती है, सामाजिक तथा आर्थिक विकास में कमी के साथ जलवायु परिवर्तन पर भी असर पड़ता है। इसलिए समय रहते इस पर नियंत्रण जरूरी है। केंद्र सरकार को जल्द ही जनसंख्या नियंत्रण कानून पारित करवाकर इसे गंभीरता से लागू करवाना चाहिए।

**केसी राय,रांची**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

## न्यूज ब्रीफ

### डीएस डॉ.मोहन मुर्मू की अध्यक्षता में मासिक वृद्ध स्वास्थ्य दिवस का आयोजन




**साहिबगंज :** स्नेह स्पर्श वृद्धा आश्रम,साहिबगंज में डीएस डॉ.मोहन मुर्मू की अध्यक्षता में मासिक वृद्ध स्वास्थ्य दिवस का आयोजन किया गया।इस अवसर पर फिजियोथेरेपिस्ट डॉ.नंदन कुमार,लैब टेक्नीशियन मैनु, प्रशिक्षु फार्मासिस्ट तबरेज,और एनसीडी सेल के डीपीए पंकज पीटर सोरेन सहित कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान वृद्धजनों के स्वास्थ्य परीक्षण और जागरूकता पर विशेष ध्यान दिया गया।आयोजन का उद्देश्य वृद्धजनों को समुचित चिकित्सा सुविधा प्रदान करना और उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र में बीते दिनों एक अज्ञात नेपाली युवक द्वारा फांसी लगा कर आत्महत्या कि थी।जिसकी पहचान नेपाल के झापा जिला तुलसीबाड़ी का रहने वाला था बिल्ली श्रेष्ठ के रूप में हुई थी।जहां जिरवाबाड़ी ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमातम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया था।वही शव लेने आए परिजनों ने बताया कि दिलीप सेठा पांच दिन पहले साहिबगंज काम करने आया था वही दिलीप सेठा के दो बच्चे है एक लड़का एक लड़की है दिलीप सेठा अपने परिवार में तीसरे नंबर के भाई था वही ।वहीं पुलिस ने कागजी प्रक्रिया पूजा करने के बाद शव को सौंप दिया गया है। वहीं गुरुवार की शाम परिजनों ने शव को लेकर रवाना होए।

### जिला में चौकीदार नियुक्ति से संबंधित गठित समिति की बैठक

**साहिबगंज :** उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा की अध्यक्षता में समहरणालय सभागार में जिला में चौकीदार नियुक्ति से संबंधित गठित समिति के साथ बैठक की गई।चौकीदार नियुक्ति हेतु गठित, स्क्रीनिंग, परीक्षा नियंत्रण व संचालन समिति, शिकायत निवारण एवं निगरानी समिति, शारीरिक दक्षता एवं जाँच समिति के कर्तव्य एवं दायित्वों पर गहनता पूर्वक चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।बैठक में परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय कुमार दास अपर समाहर्ता गौतम भगत अनुमंडल पदाधिकारी साहिबगंज अंगार नाथ स्वर्णकार, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी उमेश कुमार, जिला नियोजन पदाधिकारी पंकज झा, जिला पंचायती राज पदाधिकारी अनिल कुमार, जिला सहकारिता पदाधिकारी महादेव मुर्मू, श्रम अधीक्षक धीरेंद्र नाथ महतो, उद्यान पदाधिकारी अमितेश रंजन एवं सभी ऑपरेटर उपस्थित थे।

### नगर परिषद ने निर्माणाधीन आवासों का किया निरीक्षण



**साहिबगंज :** नगर परिषद सहिबगंज के प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के घटक-चार अन्तर्गत निमार्णाधीन आवासों का निरीक्षण नगर परिषद प्रशासक अभिषेक कुमार सिंह के द्वारा किया गया।
जिसमे लाभूको से प्राप्त होने वाले शिकायतों के आवास निरीक्षण किया और सभी लाभूको को ससमय निर्माण कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया तथा किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर कार्यालय आकर परेशानी से अवगत कराने को कहा ।निरीक्षण के दौरान नगर परिषद सहिबगंज,कार्यालय केजो आईएस विशेषज्ञ, राहुल कुमार, सीओ सरवरी खातून रत्ना गुप्ता उपस्थित थी।

### सड़क की मापी करा ली जाएगी उसके बाद सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ होगा : सीओ



**साहिबगंज/मंडरो :** प्रखंड के अंतर्गत बोआरीजोर-मिजाचौकी मुख्य सड़क का चल रहे निर्माण कार्य में किर्तनिया और पहाड़पुर मौजा के पास सड़क में कुछ नीजी जमीन को लेकर सड़क निर्माण कार्य में आ रही परेशानी को दूर कराने बिहार पीरपैंती अंचल के सीओ मनोहर कुमार मंडरो प्रभारी सीओ मेघनाथ उरांव स्थल पर पहुंचकर जायजा लिया और जिस व्यक्ति के द्वारा निजी जमीन होने का दावा किया जा रहा है। उसे आश्वासन दिया गया है। कि किसी भी कीमत पर निजी जमीन पर सड़क निर्माण कार्य नही कराया जाएगा और दोनों राज्य के अधिकारी और सड़क निर्माण कार्य कर रहे। संवेदक के कर्मी की उपस्थिति में 25 दिसंबर 2024 तक सड़क की मापी करा ली जाएगी। उसके बाद सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। इस मौके पर पीरपैंती सीओ मनोहर कुमार,मंडरो सीओ मेघनाथ उरांव समेत सड़क निर्माण कार्य करा रहे संवेदक के कर्मी भी उपस्थित थे।

### जिले में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा को लेकर मंत्री से विशेष चर्चा



**साहिबगंज :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व साहिबगंज के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष शशांक शेखर गुहा ने राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी से रांची में मुलाकात कर उन्हें बुके देकर मंत्री बनने पर बधाई दिया।शशांक शेखर गुहा ने जिले में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा को लेकर मंत्री से विशेष चर्चा की।वही मंत्री ने बताया कि राज्य में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिले इसको लेकर एक टीम का गठन कर स्वास्थ्य व्यवस्था पर निगरानी किया जायेगा।पूर्व कार्यकारी जिल अध्यक्ष ने मंत्री को साहिबगंज आने का निमंत्रण दिया।वही मंत्री ने जल्द साहिबगंज आने की बात कही।

# कांग्रेसियों ने गृह मंत्री अमित साह के बयान को खिलाफ किया जमकर विरोध प्रदर्शन, फूंका पुतला

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज/बरहरवा :** बीते दिनो केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भारत रत्न डॉ.बी.आर.अंबेडकर के बारे में राज्यसभा में बेहद आपत्तिजनक और अपमानजनक टिप्पणी की थी।उनकी आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए सार्वजनिक माफी की मांग के लिए साहेबगंज जिला अध्यक्ष बरकत खान के नेतृत्व में कांग्रेस जिला मुख्यालय के रामनगर में कार्यकताओं के साथ किया विरोध प्रदर्शन किया साथ ही अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के महासचिव संगठन के० सी० वेणुगोपाल,सांसद के पत्र के आलोक में झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निदेर्शानुसार गुरुवार को साहेबगंज जिला के रामनगर चौक पर जिला अध्यक्ष बरकत खान के नेतृत्व में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया गया,और अमित शाह के इस्तीफे और उनकी आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए सार्वजनिक माफी की मांग की गई करते हुए देश के गृह मंत्री अमित शाह मुदार्बाद के नारे लगाए।जिला अध्यक्ष बरकत खान ने बताया कि बीजेपी और आरएसएस के रग रग में है



आबंडेकर का अपमान।और भाजपा के नेतागण दलितों से हमेशा घृणा करते हैं।अमित शाह ने लोकतंत्र के मंदिर में बाबा साहेब को जिस तरह अपमानित किया,वो एक कुंठा और द्वेष से भरे मानसिकता वाला व्यक्ति ही कर सकता है।गृहमंत्री जैसे पद पर विराजमान व्यक्ति द्वारा संविधान निमार्ता का सरेआम अपमान करना बताता है कि भाजपा के नेताओं में दलितों के प्रति कितनी नफरत और घृणा भरी है।संवैधानिक पदाधिकारी की ओर से इस तरह के बयान बेहद अपमानजनक हैं। और हमारे गणतंत्र की नींव को कमजोर करने का एक खतरनाक प्रयास है।डॉ.अंबेडकर समानता,न्याय और हमारे संविधान में निहित लोकतांत्रिक सिद्धांतों के प्रतीक हैं।उनके नाम को कलंकित करने का कोई भी प्रयास इन मूल्यों का अपमान है और हमारे देश की सामाजिक सद्भावना के लिए खतरा है।ये टिप्पणियां न केवल भारत के महानतम नेताओं में से एक की अद्वितीय विरासत का अपमान हैं,बल्कि उन करोड़ों भारतीयों का भी घोर अपमान है जो उन्हें भारतीय संविधान के निमार्ता और सामाजिक न्याय के प्रणेता के रूप में सम्मान देते हैं।मौके पर प्रखंड अध्यक्ष रंजीत टुडू,कमल आर्य, अश्वनी आनंद अनारूल खान, आफताब आलम,निताय सरकार,नेहाल अख्तर ,आनंत लाल भगत, मिथुन मंडल,मो अहमद, जहांगीर शेख,अजहर शेख, दाऊद शेख,दाउद हुसैन,तैयब शेख, सैफुद्दीन शेख कालू शेख, सारिक रब्बानी, प्रसनजीत दास, लाल मोहम्मद, तारिक अहमद, रियासत सेख,कुतुबुद्दीन शेख, कमालुद्दीन शेख,तमिजुद्दीन शेख,वसीम अकरम,सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## महिला ने नौकरी लगाने को लेकर शिक्षक पर पांच लाख रुपए लेने की शिकायत की



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** जन शिकायत शिविर का आयोजन टाउन हॉल साहिबगंज में किया गया।वहीं पीड़िता शिकायतकर्ता प्रीति कुमारी पति अनिल कुमार, कॉलेज रोड साहिबगंज थाना साहिबगंज जिला साहिबगंज की रहने वाली ने बताया कि सरकारी शिक्षक संजीव कुमार उत्क्रमित मध्य विद्यालय रायबन्ना में जो कार्यरत है।जिनका घर चैती दुर्गा कलाकुंज के पीछे कमल टोला में है। इसके यहां से 2 से 3 साल से पीड़िता प्रीति कुमारी दूध लिया करती थी। दूध लेने के क्रम में शिक्षक से अधिक परिचय हो गया।शिक्षक संजीव कुमार ने कहा कि मेरे विद्यालय में रसोईया का पद खाली है। उसमें आपको बहाल कर दूंगा और पीड़िता को उसमें बहाल करने का आश्वासन दिया और बोला कि पांच लाख रुपए लगेगा पीड़िता प्रीति कुमारी ने अपना इंटर पास का प्रमाण पत्र एवं पांच लाख रुपए एवं कुछ चेक के साथ 2022 में दिया था।एक साल के बीत जाने के बाद जब शिक्षक संजीव कुमार ने नौकरी नहीं लगाया तो पीड़िता प्रीति कुमारी ने अपना दिया हुआ पैसा मांगने के लिए उसके घर गई।घर पर जाने के बाद शिक्षक और उनके परिवार वाले पीड़िता के साथ गाली गलौज करते थे।और पीड़िता को दो बार चेक भी दिया जो बाउंस कर गया।जब पीड़िता ने शिक्षक संजीव कुमार के स्कूल पैसा मांगने के लिए गई ।तब उन्होंने पीड़िता के चेहरे पर कॉकरोच मरने वाला स्प्रे मार दिया और वहां भी गाली गलौज करने लगा जिससे पीड़िता निराश होकर घर वापस लौट गई। जन शिकायत शिविर में पांच लाख रुपए फ्रॉड करने को लेकर केस दर्ज किया है।वहीं जन शिकायत शिविर में प्रशासन ने आश्वासन दिया है।कि जल्द से जल्द शिक्षक संजीव कुमार पर कार्यवाही किया जाएगा।

## प्रमंडल स्तरीय राष्ट्रीय युवा महोत्सव में भाग लेने जिला टीम दुमका रवाना



### 32 सदस्यीय टीम 10 विद्या में जिला का करेंगी प्रतिनिधित्व

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** खेलकूद और युवा कार्य निदेशालय, राँची के निदेश के आलोक में जिला खेल कार्यालय, साहेबगंज द्वारा 13 दिसंबर को संपन्न जिला स्तरीय युवा महोत्सव विजेता 32 सदस्यीय जिला टीम 19 दिसंबर को दुमका के इनडोर स्टेडियम में आयोजित प्रमंडल स्तरीय राष्ट्रीय युवा महोत्सव में भाग लेने जिला खेल समन्वयक ललित झा एवं साहिबगंज महाविद्यालय एन.एस एस प्रमुख प्रशांत भारती के नेतृत्व में बस द्वारा दुमका रवाना हुई।जिसमें मुख्य रूप से धानी हेंब्रम एंड ग्रुप , सुफल सोरेन एंड ग्रुप, दीपांशु एंड ग्रुप , स्नेहा कुमारी, स्वीटी टुडू, खुशी लाल पंडित, सिम्मी कुमारी,चंद्र भानु भास्कर ,सुप्रिया कुमारी, नेहा कुमारी शामिल हैं।जिला खेल पदाधिकारी पंकज झा ने सभी को शुभ कामना दिया मौके पर प्रो रणजीत सिंह, शिक्षक मनोहर शर्मा, गौतम झा, प्रशिक्षक योगेश यादव समेत अन्य मौजूद थे।

### फरार आरोपी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**लातेहार:** न्यायालय के आदेश के बाद बालूमाथ पुलिस ने एक फरार आरोपी के घर इश्तेहार चिपकाया है. बालूमाथ थाना कांड संख्या 109/2023 भादवि की धारा 302/120(इ) 25(1-अ)/26(2)/27/35/25(6)/25(7) आर्म्स एक्ट 17 के अभियुक्त संतोष उरांव, पिता कंदरू उरांव ग्राम मारांगलोईया, थाना बालूमाथ के घर इश्तेहार चिपकाया गया है. बालूमाथ थाना के एसआई ने बताया कि न्यायालय के द्वारा इश्तेहार जारी किया गया है. एक महीने के अंदर यदि आरोपी सरेंडर नहीं करता है तो उसके खिलाफ कुर्की जब?ती की कार्रवाई कर उसकी चल और अचल संपत्ति को जब?त कर लिया जाएगा. मौके पर बालुमाथ थाना के सशस्त्र पुलिस बल के जवान मौजूद थे.

## सौतेले भाई ने किया भाई की हत्या

### खूनी खेल में एक की मौत चार घायल

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत हाजीपुर दियारा में दो छोटे भाइयों ने बड़े भाई की चाकू मार कर हत्या कर दी।खूनी खेल में,एक की मौत व चार घायल।मामला पुरानी रंजिश बताया जा रहा है।मामले में जानकारी देते हुए परिजनों ने बताया बीते बुधवार को मृतक भूप नारायण रजक से उनके सौतेले भाई मुकेश रजक और दिलीप रजक के पुत्र से खेत में पानी गिराने को लेकर कहा सुनी और मारपीट हुई थी।जिस मामले को लेकर गुरुवार को मृतक का सौतेला भाई मुकेश रजक दिलीप रजक एवं उनके चार पुत्रों सहित अन्य सहयोगियों ने मिलकर भूख नारायण रजक के घर पर धारदार हथियार से हमला कर



दिया।अचानक से हुए हमले इतनी जोरदार तरीके से किए गए।कि मृतक को संभालने का समय नहीं मिला और हमलावरों ने धारदार चाकू से मृतक भूख नारायण रजक के पेट में दर्जनों बार वार कर मौत के घाट उतार दिया।वही घटना के क्रम में चीकू रजक और ओमप्रकाश रजक घायल को बेहतर इलाज हेतु भागलपुर रेफर किया गया है।जबकि धर्मेंद्र रजक सरिता देवी घायल साहिबगंज अस्पताल में भर्ती कराया गया।इधर घटना की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर एसडीपीओ किशोर तिर्की व मुफ्फसिल थाना प्रभारी मदन कुमार,मिजाचौकी थाना प्रभारी रुपेश कुमार यादव सहित दर्जनों की संख्या में पुलिस बल पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई।पुलिस शव को लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजवाया।वही मृतक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

### प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने किया मंडल कारा का निरीक्षण



**साहिबगंज :** झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहिबगंज के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष अखिल कुमार,सचिव विश्वनाथ भगत व एल० एबीसी की टीम ने मंडल कारा साहिबगंज का निरीक्षण किया। सरकार की ओर से दी जाने वाली सभी सुविधाओं का जायजा लिया। इस क्रम में बंदियों को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं की भी जानकारी ली वहीं कई बंदियों ने अपनी समस्याओं से अवगत कराया।उन्होंने महिला बंदी वार्ड में बंदियों के साथ रह रहे बच्चों के बीच टॉफी का वितरण किया गया।जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष पी० डी० जे० ने कहा नालसा के निर्देश के आलोक में जेल का निरीक्षण किया गया। बंदियों को जेल से मिलने वाली आधारभूत सुविधाएँ विधिक सहायता की स्थिति की जानकारी ली। मौके पर कारा अध्यक्ष, एलएबीसी, राह न्याय रक्षक कागीनी शर्मा, रविन्द्रर श्रीवास्तव, अमरेन्द्रर श्रीवास्तव, ज्योति कुमारी, रतन कुमार, अधिकार मित्र लखेन्द्रर तुरी, एवं रिंकु कुमारी उपस्थित थे।

### परियोजना निदेशक ने पुस्तकालय निर्माण के लिए स्थल चयन का किया निरीक्षण



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** जिला दंडाधिकारी -सह- उपायुक्त के निदेर्शानुसार साहिबगंज कॉलेज स्थित कल्याण छात्रावास का निरीक्षण परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय कुमार दास व संजय कच्छप, पणन सचिव कृषि उत्पादन बाजार समिति के द्वारा किया गया।निरीक्षण के दौरान हॉस्टल कैंपस मे पुस्तकालय निर्माण हेतु स्थल चयन किया गया और उपस्थित सहायक अभियंता और कनीय अभियंता को जल्द से जल्द प्राक्कलन तैयार करने का निर्देश दिया गया ताकि यथा शीघ्र उपायुक्त के समक्ष प्रस्तुत की जा सके।पुस्तकालय बनने से कॉलेज मे पढ़ने वाले और कल्याण छात्रावास मे रहने वाले जरूरतमंद विधार्थियों को पुस्तकालय का लाभ मिलेगी। छात्र अपने कोर्स की पढ़ाई के साथ प्रतियोगिता परीक्षाओं की भी तैयारी कर सकेंगे। जहाँ जिला प्रशासन द्वारा समय- समय पर मार्गदर्शन और कैरियर सम्बन्धी कार्यशाला भी आयोजित की जा सकेगी।

## राजद ने केंद्रीय गृह मंत्री का पुतला फूंका

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** राज्यसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भारत रत्न डॉ.बी.आर.अंबेडकर के बारे में बेहद आपत्तिजनक और अपमानजनक टिप्पणी के विरोध में राजद के जिला अध्यक्ष सत्यनारायण यादव के नेतृत्व में साहिबगंज स्टेशन चौक पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित साह का पुतला फूंका।इस दौरान राजद कार्यकर्ता केंद्रीय गृह मंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर रहा था।वही राजद जिला अध्यक्ष सत्यनारायण यादव ने कहा कि अमित शाह ने लोकतंत्र के मंदिर में बाबा साहेब को जिस तरह अपमानित किया।वो एक कुंठा और द्वेष से भरे मानसिकता वाला व्यक्ति ही कर सकता है। गृहमंत्री जैसे पद पर विराजमान व्यक्ति द्वारा संविधान निमार्ता का सरेआम अपमान करना बताता है। कि भाजपा के नेताओं में दलितों के प्रति कितनी नफरत और घृणा भरी है।श्री यादव ने कहा कि राजद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग करती है। कि गृह



मंत्री को अविलंब बर्खास्त करें।वही प्रदेश सचिव मुन्ना यादव ने कहा कि भारत रत्न डॉ.बी.आर.अंबेडकर के बारे में बेहद आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए केंद्रीय गृह मंत्री को सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी होगी।मौके पर राजद जिला अध्यक्ष सत्यनारायण यादव,प्रदेश सचिव मुन्ना यादव,युवा जिला अध्यक्ष सद्दाम हुसैन,रामावतार सिंह सदर प्रखंड अध्यक्ष,गौतम पंडित,जिला महासचिव लक्ष्मी कांत महलदार,प्रकाश महलदार सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बॉक्स ऑफिस पर पुष्पा 2 का धमाल जारी वर्ल्डवाइड कमाई 1500 करोड़ के पार



**दक्षिण** भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 द रूल ने वर्ल्डवाइड ग्रॉस 1508 करोड़ रुपए की कमाई कर ली है। अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 द रूल ने सिनेमाघरों में अपने दो हफ्ते पूरे कर लिए हैं, बावजूद इसके फिल्म की रफ्तार नहीं थमी है। इसके साथ ही पुष्पा 2 लगातार बॉक्स ऑफिस पर अन्य बड़ी फिल्मों को पछाड़ते हुए रोज दमदार कमाई कर रही है, साथ ही नए रिकॉर्ड भी बना रही है। पुष्पा 2 द रूल घरेलू बॉक्स ऑफिस के साथ दुनियाभर में रिकॉर्डतोड़ सुकुमार के निर्देशन में बनी पुष्पा 2 इसी साल 05 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह फिल्म हिंदी, तेलुगु, तमिल, मलयालम और कन्नड़ में काफी धांसू कमाई कर रही है।अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 ने वर्ल्डवाइड 1508 करोड़ रुपये की कमाई करके धमाल मचा दिया है। माइथ्री मूवी मेकर्स ने सोशल मीडिया पर लिखा, व्यावसायिक सिनेमा को पुनर्परिभाषित किया गया। बॉक्स ऑफिस पर रचा इतिहास। पुष्पा2 द रूल ने दुनिया भर में 1508 करोड़ की कमाई की। इस आंकड़े तक पहुंचने वाली सबसे तेज भारतीय फिल्म।

**पुष्पा:** द राइज के सीक्वल पुष्पा 2: द रूल में अल्लू अर्जुन पुष्पा राज की भूमिका में और रश्मिका मंदाना श्रीवल्ली की भूमिका में वापस आ गयी हैं। इस फिल्म में फहाद फासिल की भी अहम भूमिका है। इस फिल्म का निर्माण माइथ्री मूवी मेकर्स और सुकुमार राइटिंग्स ने किया है और इसका संगीत टी-सीरीज ने दिया है।

## ईडी ने मल्लिका शेरावत और पूजा बनर्जी से की पूछताछ



**प्रवर्तन निदेशालय (ईडी)** ने कुछ पाकिस्तानी नागरिकों के स्वामित्व वाली एक सट्टेबाजी वेबसाइट से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बॉलीवुड स्टार मल्लिका शेरावत और टीवी कलाकार पूजा बनर्जी का बयान दर्ज किया है, जिसने पुरुषों के टी20 विश्व कप मैचों का ह्यअवैधह्न प्रसारण भी किया था। सूत्रों ने कहा कि एजेंसी ने शेरावत और पूजा बनर्जी से इस मामले में कुछ सवालों के जवाब ईमेल या आधिकारिक प्रतिनिधि के माध्यम से देने को कहा था। उन्होंने कहा कि शेरावत ने पिछले सप्ताह ईडी के अहमदाबाद कार्यालय में एक अधिकृत प्रतिनिधि और ईमेल के माध्यम से अपने जवाब भेजकर अपना बयान दर्ज कराया, जबकि बनर्जी ने जांच अधिकारी (आईओ) के समक्ष गवाही दी।

## ऐश्वर्या के लिए प्रोटेक्टिव हसबैंड बने अभिषेक बच्चन, ससुर बिग बी के साथ नजर आयी एक्ट्रेस



**बीते कई** महीनों से ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। कहा जा रहा कि उनके रिश्ते में खटास आ गई है। हालांकि अब इन सारी अटकलों पर विराम लग गया। ऐश्वर्या और अभिषेक ने साथ में मुंबई में अपनी बेटी आराध्या के स्कूल फंक्शन में एक साथ शिरकत किया। उनके साथ अमिताभ बच्चन भी नजर आए। तीनों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो पर यूजर्स अपनी प्रतिक्रिया भी दे रहे हैं।

**ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन साथ नजर आए:** 19 दिसंबर को धीरूभाई अंबानी इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक समारोह मनाया गया। इसमें आराध्या ने परफॉर्म किया। अपनी बेटी का परफॉर्मेंस देखने के लिए ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन साथ में आए। इस दौरान कई वीडियोज सामने आए, जिसमें कपल साथ में दिखे। एक वीडियो में ऐश्वर्या और अमिताभ बच्चन बात करते दिखे। एक वीडियो में अभिषेक एक्ट्रेस का ख्याल रखते दिखे। जूनियर बच्चन ऐश्वर्या को वेन्यू में पहुंचने के दौरान उन्हें भीड़ से प्रोटेक्ट करते नजर आए।

**यूजर्स के कमेंट:** वीडियो देख यूजर्स काफी खुश हो गए कि उनके बीच सबकुछ ठीक है। इस वीडियो ने ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन के बीच अनबन की अफवाहों को शांत कर दिया है। वीडियो पर कमेंट करते हुए एक यूजर ने लिखा, देखो दोनों एक-दूसरे से कितना प्यार करते हैं। एक यूजर ने लिखा, उन्हें साथ देखकर अच्छा लग रहा है। एक यूजर ने लिखा, भगवान उनकी जोड़ी सलामत रखें।

### अश्विन के पिता का खुलासा

## अपमानित महसूस कर रहा था बेटा, इसलिए संन्यास लिया



**चेन्नई:** भारतीय ऑफ स्पिनर अश्विन के पिता रविचंद्रन ने कहा कि उनका बेटा प्लेइंग-11 में न चुने जाने से नाराज था। उसे विदेश में युवा ऑफ स्पिनर से रिप्लेस होना अपमान की तरह लग रहा था। इसी अपमान के चलते शायद अश्विन ने इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायर होने का फैसला किया। अश्विन के पिता ने बताया, मुझे भी संन्यास के बारे में बुधवार को ही पता चला। रिटायर होना उसका निजी फैसला है, मैं उसे रोकना नहीं चाहता, लेकिन जिस तरीके से वह रिटायर हुआ, इसके कई कारण हो सकते हैं। यह सिर्फ अश्विन जानता है।

परिवार के लिए बहुत इमोशनल मोमेंट है, क्योंकि वह 14-15 साल तक फील्ड पर ही रहा। अचानक संन्यास लेने से परिवार चौंक गया। हमें पिछले दिनों से ही लग रहा था कि ऑस्ट्रेलिया में वह अपमानित महसूस कर रहा है। आखिर कितने दिनों तक वह इसे झेलता। इसलिए उसने रिटायर होने का फैसला कर लिया होगा। पिता रविचंद्रन ने कहा, मुझे नहीं पता उसके दिमाग में क्या चल रहा था। मुझे अब भी लगता है कि उसे भारत के लिए थोड़ा और खेलना चाहिए था।

पापा को अकेला छोड़ दो: पिता रविचंद्रन के बयान पर अश्विन ने कहा कि उनके पिता को कोई जानकारी नहीं है, इसलिए उन्हें अकेला छोड़ दें। अश्विन ने एक ट्वीट को रिट्वीट करते हुए लिखा, मेरे पिता मीडिया प्रशिक्षित नहीं हैं, उन्हें नहीं पता क्या मामला है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि आप पिता के बयानों की इस समृद्ध परंपरा का पालन करेंगे। आप सबसे अनुरोध है कि उन्हें माफ कर दें और उन्हें अकेला छोड़ दें।




# बॉक्स ऑफिस पर साल 2024 में बुरी तरह फ्लॉप साबित हुई ये 5 फिल्में

**साल 2024** कई बॉलीवुड और साउथ फिल्मों के लिए काफी अच्छा रहा। जहां थलपति विजय की द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल द टाइम से लेकर श्रद्धा कपूर की स्त्री 2 और अल्लू अर्जुन की पुष्पा द रूल ने थियेटर्स में धमाल मचा दिया। वहीं कुछ ऐसी भी फिल्में थी, जो हाई बजट और काफी बज के साथ रिलीज हुई, लेकिन उम्मीद के मुताबिक कमाई नहीं कर सकी। इसमें रजनीकांत की इंडियन 2, बड़े मियां छोटे मियां, वेट्टाइयां, मैदान और कंगुवा जैसी फिल्में शामिल है।

**इंडियन 2:** लाइका प्रोडक्शंस और रेड जाइंट मूवीज की ओर से निर्मित इंडियन 2, 12 जुलाई 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। विजिलेंट एक्शन फिल्म 1996 की ब्लॉकबस्टर, इंडियन का सीक्वल थी। कमल हासन ने सेनापति के रूप में अपनी भूमिका दोहराई। तमाम शोर के बावजूद मूवी बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखाई पाई। इसने दुनिया भर में 150 करोड़ रुपये के आसपास अपनी कमाई पूरी की।

**मैदान:** मैदान में अजय देवगन ने दिवंगत फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम की भूमिका निभाई, जिन्होंने भारत की राष्ट्रीय टीम में योगदान दिया था। बोनी कपूर और जी स्टूडियोज की ओर से प्रस्तुत स्पोर्ट्स ड्रामा 11 अप्रैल, 2024 को ईद के मौके पर रिलीज हुई थी। हालांकि मूवी बुरी तरह फ्लॉप हो गई। यह 100 करोड़ का आंकड़ा तक पार नहीं कर पाई। 200 करोड़ के बजट में बनी फिल्म ने केवल 72 करोड़ रुपये की कमाई की।

**बड़े मियां छोटे मियां:** अली अब्बास जफर की ओर से निर्देशित और अक्षय कुमार बड़े मियां छोटे मियां बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो गई। भारी भरकम बजट में बनी यह साइंस फिक्शन एक्शन को देखने न के बराबर लोग थियेटर्स में पहुंचे थे। इसलिए तो 350 करोड़ के बजट में बनी फिल्म ने महज 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार किया।

**वेट्टैयान:** रजनीकांत की वेट्टैयान 10 अक्टूबर 2024 को स्क्रीन पर आई। तमिल एक्शन ड्रामा में अमिताभ बच्चन, फहद फासिल, राणा दग्गुबाती जैसे कलाकार थे। जेलर की सफलता के बाद, रजिनकांत से एक और हिट की उम्मीद थी। हालांकि रिलीज को पहले वीकेंड में शानदार कमाई के बाद इसे काफी संघर्ष करना पड़ा।

**कंगुवा:** शिवा की ओर से निर्देशित कंगुवा में सूर्या के साथ बॉबी देओल और दिशा पटानी थे। तमिल स्टार ने कंगुवा और फ्रांसिस थियोडोर नाम के दो किरदार निभाए थे। यह दुनिया भर में 100 करोड़ रुपये की कमाई भी नहीं कर सकी।

## मेलबोर्न एयरपोर्ट पर जर्नलिस्ट से भिड़े विराट कोहली

### परिवार की फोटो लेने पर बिगड़े



**एजेंसी/ मेलबोर्न:** विराट कोहली और ऑस्ट्रेलियाई मीडिया के बीच तीखी बहस हुई। बॉक्सिंग-डे टेस्ट में हिस्सा लेने के लिए भारतीय टीम मेलबोर्न पहुंच गई है। वहीं एयरपोर्ट पर यह घटना हुई। कोहली को लगा कि मीडिया उनके परिवार, खासकर उनके बच्चों की तस्वीरें ले रहा है। इससे कोहली नाराज हो गए। बाद में गलतफहमी दूर हुई। कोहली ने साफ किया कि उन्होंने कैमरों को अपने बच्चों की ओर इशारा करते हुए देखा था, जिससे उन्हें गुस्सा आया। कोहली ने एक टीवी रिपोर्टर पर गुस्सा जाहिर किया। कोहली ने कहा, मेरे बच्चों के साथ, मुझे थोड़ी प्राइवेसी चाहिए। आप बिना पूछे फिल्म नहीं कर सकते। रिपोर्ट में एक पत्रकार के हवाले से कहा गया है, कैमरों को देखकर कोहली थोड़े गरम हो गए। यह एक गलतफहमी थी। उन्हें लगा कि मीडिया उनके बच्चों के साथ उनकी फिल्म बना रहा है। बाद में, गलतफहमी दूर हो गई। पता चला कि कैमरे बच्चों की तरफ नहीं थे। कोहली ने मीडिया से बातचीत करके मामला सुलझा लिया।



## साई राजेश की फिल्म से एक्टिंग डेब्यू करेंगे गोविंदा के बेटे यशवर्धन

**बॉलीवुड** के डांसिग स्टार गोविंदा के बेटे यशवर्धन आहुजा निर्देशक साई राजेश की फिल्म से अपना एक्टिंग डेब्यू कर सकते हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि यशवर्धन आहुजा अपनी एक्टिंग की शुरूआत राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त निर्देशक साई राजेश की आने वाली फिल्म से करने जा रहे हैं। यह फिल्म एक खास लव स्टोरी होगी, जो गोविंदा की विरासत की दूसरी पीढ़ी को बड़े पर्दे पर दिखाएगी। यशवर्धन ने इस भूमिका के लिए ऑडिशन दिया था और अपनी मेहनत के कारण उन्हें यह भूमिका मिली है। इस फिल्म को मधु मंटेना, अल्लू अरविंद और एसकेएन फिल्म्स द्वारा प्रोड्यूस किया जाएगा। बताया जा रहा है कि इस फिल्म के लिए फीमेल लीड की तलाश जारी है, क्योंकि मेकर्स एक नई जोड़ी लॉन्च करना चाहते हैं। कास्टिंग डायरेटर मुकेश छाबड़ा इस नेशनवाइड हंट की अगुवाई कर रहे हैं और उन्हें अब तक 14 हजार से ज्यादा ऑडिशन क्लिप्स मिल चुके हैं। फिल्म के लिए फीमेल लीड जल्द ही फाइनल हो जाएगी। मेकर्स इस फिल्म को समर 2025 तक फ्लोर पर लाने की प्लानिंग कर रहे हैं।

### इंडिया- वेस्ट वूमेंस टी20

## स्मृति मंधाना ने मचाई तबाही, विंडीज गेंदबाजों की जमकर धुनाई

### मंधाना ने लगातार सात बाउंड्री लगाया

**नवी मुंबई:** भारतीय महिला टीम की स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे टी20 के दौरान अर्द्धशतकीय पारी खेलते हुए बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। उन्होंने इस सीरीज के तीन मैचों में तीन अर्द्धशतक पारियां खेली है। टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट में मंधाना का यह 30वां अर्द्धशतक है। तीसरे टी-20 मैच में मंधाना ने 47 गेंदों पर 77 रन की पारी खेली। अर्द्धशतक लगाने के मामले में मंधाना सूची में पहले नंबर पर पहुंच गई है। उन्होंने सूजी बेट्स के 29 अर्द्धशतकीय पारी का रिकॉर्ड तोड़ा।




भारत और वेस्टइंडीज के बीच खेले जा रहे तीसरे टी20 मुकाबले में वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मंधाना ने 47 गेंदों में 77 रन की पारी खेली। उसके अलावा जेमिमा ने 39, राधवी विस्ट ने नाबाद 31 और ऋचा घोष 54 रनों की पारी खेली। भारत ने वेस्टइंडीज को 217 रन का टारगेट दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 157 रन ही बना पाई और टीम इंडिया ने सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली।

लगातार सात बाउंड्री: मंधाना ने विंडीज के खिलाफ लगातार सात बाउंड्री ठोक दीं। मंधाना ने ये कारनामा तीसरे और चौथे ओवर में किया। मंधाना ने तीसरा ओवर फेंक रही हेनरी की चौथी गेंद पर चौका लगाया। पांचवीं और छठी गेंद पर भी मंधाना ने चौके जड़े। इसके बाद मंधाना को चौथे ओवर की दूसरी गेंद पर स्ट्राइक मिली और इस खिलाड़ी ने डॉटिन की दूसरी गेंद पर चौका, तीसरी गेंद पर छक्का, चौथी गेंद पर चौका और फिर पांचवीं गेंद पर चौका लगा दिया। इस तरह मंधाना ने लगातार सात बाउंड्री लगाईं।

## न्यूज ब्रीफ

### भ्रष्टाचार के मामले में जेल जाने वाले केजरीवाल नीतीश को नसीहत न दें: जदयू

**पटना:** बाबा साहेब अंबेडकर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान को लेकर जहां इंडी गठबंधन भाजपा पर हमलावर है, वहीं एनडीए भी हमलावर है। इस बीज आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने एनडीए के साथी जेडीयू के नीतीश कुमार और टीडीपी के मुखिया को चिट्ठी लिखकर बीजेपी का समर्थन नहीं कर सकने पर विचार करने की बात कही है। वहीं केजरीवाल की चिट्ठी पर जदयू ने भी प्रतिक्रिया दे दी है। मंत्री मदन सहनी ने केजरीवाल पर तीखा प्रहार करते हुए कहा है कि भ्रष्टाचार के मामले में जेल जाने वाले केजरीवाल सीएम नीतीश कुमार को सीख को न दें।

मंत्री मदन सहनी ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बाबा साहेब अंबेडकर पर कोई विवादित टिप्पणी नहीं की है. सबसे ज्यादा अपमान कांग्रेस ने अंबेडकर का किया। नेहरु से तंग आकर अंबेडकर को इस्तीफा देना पड़ा था। अंबेडकर नेहरू के मंत्री परिषद में थे. नेहरु ने इतना परेशान किया कि उन्हें इस्तीफा देना पड़ा. उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं बचा है। मंत्री ने कहा बाबा साहेब ने संविधान की रचना की। उसमें उन्होंने जो अधिकार दिए उसको सबसे ज्यादा बिहार में नीतीश कुमार ने लागू किया।

सहनी ने कहा कि बाबा साहेब इस देश की आत्मा हैं। सबसे ज्यादा प्रताड़ित उनको कांग्रेस ने किया। उन्होंने कहा कि सीएम नीतीश कुमार पर कभी भ्रष्टाचार के आरोप नहीं लगे। दूसरी तरफ केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि बाबा साहेब का अपमान करने के लिए कांग्रेस पार्टी सबसे बड़ी पापी है। पूरे परिवार ने भारत रत्न ले लिया और बाबा साहब को नहीं दिया। कांग्रेस पार्टी को अपने पापों का प्रायश्चित करने के लिए उपवास और मौन व्रत करना चाहिए।

### ब्वॉयफ्रेंड को लेकर दो लड़कियों ने बीच सड़क में की मारपीट

**मुजफ्फरपुर :** दो लड़कियों की लड़ाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें दोनों लड़कियां बीच सड़क में पटका-पटकी और गाली गलौज करती नजर आईं। यह मामला मुजफ्फरपुर जिले के काजी मोहम्मदपुर थाना क्षेत्र का है। यहां दो लड़कियां एक ही लड़के के लिये बीच सड़क पर भिड़ गई। दोनों लड़कियां एक ही लड़के को अपना अपना ब्वॉयफ्रेंड बताकर झोंटाझोंटी करने लगी। दोनों ने एक दूसरे को गंदी-गंदी गालियां भी दी। लड़ाई देखने के लिये सड़क पर भीड़ जुट गई। उसी में से किसी ने इसका वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर डाल दिया, जो खूब वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि सड़क पर दोनों लड़कियों के बीच किसी बात को लेकर बहस हुई। बात हाथ से निकल गई और दोनों आपस में भिड़ पड़ी। हालांकि लड़की के साथ आये युवक ने उनको रोकने की कोशिश की, लेकिन दोनों लड़ाई में इतनी मसरूफ थी कि उसकी एक नहीं सुनी। दोनों लड़कियों ने एक दूसरे को जमकर लात घूसे मारे। वीडियो वायरल होने को बाद यह पूरे शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### शेयर बाजार में भूचाल! निवेशकों के डूबे 3 लाख करोड़



**मुंबई :** भारतीय शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन भारी गिरावट देखने को मिली है। गुरुवार को सेंसेक्स 964 अंक गिरकर 79,218.05 पर और निफ्टी 247 अंक गिरकर 23,951.70 पर बंद हुआ। बाजार में इस गिरावट की मुख्य वजह वैश्विक बाजारों में उतार-चढ़ाव और कुछ घरेलू कारण बताए जा रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि बढ़ती महंगाई और केंद्रीय बैंकों द्वारा ब्याज दरों में वृद्धि के फैसले से निवेशकों की चिंता बढ़ी है।

सेंसेक्स में सिर्फ तीन शेयर ही हरे निशान में बंद हुए, बाकी सभी लाल निशान में रहे। बजाज फिनसर्व सबसे बड़ा हारने वाला रहा। छोटे और मंझले-कैप शेयरों ने भी बड़ी गिरावट दर्ज की। इस गिरावट से निवेशकों को करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ है। इए पर लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट कैपिटलाइजेशन करीब 3 लाख करोड़ रुपये घट गया है। पिछले चार दिनों में निवेशकों को 9 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का नुकसान हुआ है।

विशेषज्ञों का कहना है कि निवेशकों को घबराने की जरूरत नहीं है, लेकिन बाजार में उतार-चढ़ाव को ध्यान में रखते हुए निवेश करना चाहिए। लंबे समय के लिए निवेश करने वाले निवेशकों को इस अल्पकालिक गिरावट से ज्यादा चिंतित होने की जरूरत नहीं है। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले दिनों में भी बाजार में उतार-चढ़ाव जारी रह सकता है। वैश्विक घटनाक्रमों और घरेलू आर्थिक संकेतकों पर बाजार की प्रतिक्रिया निर्भर करेगी।

भारतीय शेयर बाजार में जारी गिरावट ने निवेशकों को चिंतित कर दिया है। हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि यह एक अस्थायी स्थिति है और बाजार जल्द ही पटरी पर लौट आएगा।

### द्वारका सेक्टर 23 डीपीएस स्कूल में बम की धमकी तलाशी अभियान जारी, कक्षाएं ऑनलाइन शिफ्ट



**नई दिल्ली:** द्वारका सेक्टर 23 में दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) को निशाना बनाकर बम की धमकी से शुक्रवार को हड़कंप मच गया। गुरुवार देर रात ईमेल के जरिए धमकी मिली, जिसके बाद अधिकारियों ने तुरंत कार्रवाई की। दिल्ली अग्निशमन विभाग ने ईमेल के बारे में दिल्ली पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) को सूचित किया। छात्रों और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तुरंत स्कूल परिसर में तलाशी अभियान शुरू किया गया।

**दिल्ली के स्कूलों में बार-बार बम की धमकी:** है। 14 दिसंबर को, डीपीएस आरके पुरम सहित कई स्कूलों ने बम की धमकी वाले ईमेल मिलने की सूचना दी।

**पिछली धमकियां:** इससे पहले 13 दिसंबर को, दिल्ली भर के छह स्कूलों को बम की धमकी वाले ईमेल से निशाना बनाया गया था। ईमेल में स्कूल परिसर में कथित तौर पर लगाए गए विस्फोटकों के बारे में खतरनाक संदेश थे और गुप्त डार्क वेब समूहों का संदर्भ दिया गया था।

# केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान पर देशभर में कांग्रेस का हल्ला

## संसद में अंबेडकर को लेकर टिप्पणी के विरोध में प्रदर्शन; नीली साड़ी में प्रियंका, तो नीली टीशर्ट में दिखे राहुल गांधी

**नई दिल्ली:** संसद में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को लेकर दिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान पर गुरुवार को कांग्रेस ने देशभर में प्रदर्शन किया। इस विरोध प्रदर्शन को अन्य दलों का भी समर्थन मिला। प्रियंका गांधी और राहुल गांधी के नेतृत्व में संसद भवन परिसर के बाहर विपक्षी नेताओं ने प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रियंका गांधी और राहुल गांधी नए रंग में नजर आए। राहुल गांधी नीली टीशर्ट में संसद पहुंचे, तो वहीं प्रियंका गांधी ने नीली साड़ी पहन रखी थी। ऐसे में राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने नीले रंग के कपड़े पहनकर बड़ा राजनीतिक संकेत देने की कोशिश की है। इस प्रदर्शन में सपा सांसद रामगोपाल यादव और उद्धव सेना के संजय राउत ने भी हिस्सा लिया। संजय राउत भी नीली शर्ट में दिखे, तो वहीं रामगोपाल यादव ने नीली जैकेट पहन रखी थी। उधर, मध्यप्रदेश विधानसभा में गुरुवार को हंगामा हुआ। विधानसभा में कांग्रेस विधायक काली पट्टी बांधकर पहुंचे। कांग्रेस विधायकों ने अंबेडकर की फोटो हाथों में लेकर जमकर नारेबाजी की। पूरे प्रदेश में कांग्रेस और अलग-अलग संगठन विरोध प्रदर्शन करते नजर आए। कर्नाटक में विरोध जताने के लिए कांग्रेस विधायक विधानसभा में अंबेडकर की तस्वीरें लेकर पहुंचे। सीएम सिद्धारमैया ने अमित शाह को पत्र लिखा है।



उन्होंने लिखा कि संसद में दिए गए आपके बयान से हमें कोई आश्चर्य नहीं हुआ, क्योंकि हम पहले से ही आपकी पार्टी की मानसिकता जानते हैं, लेकिन अब पूरा देश देख चुका है कि भारतीय संविधान के निर्माता के प्रति आपका सम्मान कितना कम है। उत्तर प्रदेश विधानसभा में भी विपक्षी विधायक अंबेडकर की तस्वीर लेकर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने नारेबाजी करते हुए गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ प्रदर्शन किया। बिहार के गया में राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकताओं ने केंद्र सरकार और भाजपा के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान डा. अंबेडकर की प्रतिमा के सामने प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का पुतला फूंका गया। कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए शाह के बयान को संविधान और अंबेडकर का अपमान बताया। दिल्ली में शाह के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने प्रदर्शन किया। इस दौरान पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू को पत्र लिखा है। केजरीवाल ने लिखा कि बीजेपी ने बाबा साहेब का अपमान किया है। लोगों को लगता है कि बाबा साहेब को चाहने वाले बीजेपी का समर्थन नहीं कर सकते। आप भी इस पर विचार करें।

**बाबा साहेब के खिलाफ कांग्रेस का सबसे बड़ा पाप:** बाबा साहेब के खिलाफ जो सबसे बड़ा पापी है, वह कांग्रेस है। इन लोगों के पूरे खानदान ने भारत रत्न लिया, लेकिन अंबेडकर साहेब को नहीं दिया। अपने पाप को छिपाने के लिए कांग्रेस जोर से बोल रही है। हिम्मत है तो चले किसी चौराहे पर और पूरा वीडियो दिखाए। बाबा साहेब अंबेडकर के साथ कांग्रेस ने जो पाप किया है, उसके लिए प्रायश्चित करे और माफी मांगे। सभी लोग मौन रहकर उपवास करें। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि कांग्रेस का वही हाल है कि चोर बोले जोर से। उन्होंने कहा कि यही लोग थे, जिन्होंने बाबासाहेब को चुनाव में हराया और उनका अपमान किया।

मुंबई कांग्रेस दफ्तर में भाजपा कार्यकर्ताओ ने की तोडफोड़ :

मुंबई में गुरुवार को भाजपा कार्यकताओं ने कांग्रेस दफ्तर में तोडफोड़ की। दरवाजे और खिडकी के शीशे तोड़ डाले। कांग्रेस दफ्तर के बाहर लगे सोनिया, राहुल, प्रियंका और मल्लिकार्जुन खडगे के पोस्टर पर काला रंग फेंका। पुलिस ने हालात काबू में करने के लिए पहले उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन उन्हें हिंसक होता देख लाठीचार्ज किया। इस दौरान कुछ कार्यकर्ता घायल हुए। तोडफोड़ के दौरान भाजपा कार्यकर्ता वंदे मातरम का नारा लगा रहे थे। उनका कहना था कि अंबेडकर का अपमान अमित शाह ने नहीं, बल्कि कांग्रेस ने किया है।

**डा अंबेडकर का हुआ अपमान, माफी मांगे गृहमंत्री:** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का अपमान किया है। उन्हें माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने गुरुवार को कहा कि गृह मंत्री की माफी को लेकर सांसदों की मांग सही है। बाबा साहेब पिछड़े, दलितों, गरीबों, वंचितों, शोषितों और पीड़ित वर्गों के भगवान हैं। पीडीए के लोग बाबा साहब को भगवान मानते हैं। आज गांव गांव घर-घर उनको पूजा जाता है। हम सब उनका बहुत सम्मान करते हैं। श्री यादव ने कहा कि बाबा साहेब ने संविधान के माध्यम से गरीब और वंचित समाज को सम्मान पूर्वक जीने का रास्ता दिखाया। भाजपा बाबा साहेब का संविधान नहीं मानती है। पूरा देश देख रहा है कि भाजपा के लोग बाबा साहेब अंबेडकर के लिए किस तरह की भाषा का प्रयोग कर रहे हैं।

मायावती ने संभाला मोर्चा; कहा, अमित शाह वापस लें बयान, वरना कांग्रेस जैसा होगा भाजपा का हाल

बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को लेकर अमित शाह के भाषण के एक हिस्से पर मचे बवाल के बीच मायावती ने भी मोर्चा संभाल लिया है। उन्होंने होम मिनिस्टर अमित शाह को माफी मांगने और अपने शब्दों को वापस लेने की नसीहत दी है। मायावती ने कहा कि यदि अमित शाह ने माफी नहीं मांगी, तो फिर दलित समाज भूल नहीं सकेगा। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि माफी न मांगने पर भाजपा का हाल भी कांग्रेस जैसा हो सकता है। ही नहीं उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि अमित शाह के बयान से पूरे देश के दलितों में गुस्सा है।

# महाकुंभ में रुद्राक्ष वाले बाबा बने आकर्षण का केंद्र 12 वर्षों तक सवा लाख रुद्राक्ष धारण करने का संकल्प

**प्रयागराज :** महाकुंभ-2025 की भव्य शुरूआत होने में अब गिनती के कुछ ही दिन बचे है। आध्यात्मिकता और आस्था के इस महासंगम में देश-दुनिया से हजारों लाखों श्रद्धालु प्रयागराज पहुंचेंगे। यह महाकुंभ कई अद्वितीय साधु-संतों और उनकी तपस्या की कहानियों के लिए चर्चित रहेगा। इस आध्यात्मिक समागम में आस्था,भक्ति और तपस्या की अद्भुत कहानियां लिखी जा रही हैं। इन्हीं में से एक प्रमुख आकर्षण बन चुके हैं सवा लाख रुद्राक्ष धारण करने वाले बाबा। यह बाबा सनातन धर्म की सेवा और तपस्या की मिसाल बने हुए हैं, जिनका नाम गीतानंद गिरी है।



रुद्राक्ष वाले बाबा गीतानंद गिरी श्री पंचदशनाम आवाहन अखाड़े की हरिद्वार शाखा के सेक्रेटरी भी हैं। बाबा ने साल 2019 में प्रयागराज कुंभ के दौरान एक अनूठा संकल्प लिया था। उन्होंने 12 साल तक प्रतिदिन सवा लाख रुद्राक्ष धारण करने का संकल्प लिया है। बाबा बताते हैं कि उन्होंने यह संकल्प हिंदू सनातन धर्म के लिए साथ ही हिंदू सनातन के आवाज के उद्देश्य के लिए लिया है।

बाबा के इस कठिन संकल्प के 6 वर्ष पूरे हो चुके हैं और आज उनके शरीर पर करीब 2 लाख रुद्राक्ष हैं, जिनका कुल वजन 45 किलो से भी अधिक है। बाबा का कहना है कि संकल्प की अवधि पूरी होने में अभी 6 वर्ष और शेष हैं। इस दौरान और भी रुद्राक्ष उनके शरीर का हिस्सा बनेंगे, जिससे यह वजन और बढ़ सकता है। रुद्राक्ष वाले बाबा गीतानंद गिरी ने कहा कि हिन्दू सनातन धर्म के लिए तपस्या हमारा कर्तव्य है। हिन्दू सनातन धर्म की आवाज के लिए यह हमारा संकल्प है। रही बात कि आपने रुद्राक्ष क्यों पहना है? तो यह शंकर भगवान का प्रिय है, जो बहुत अति प्यारा शंकर भगवान को पसंद है। इसलिए हम शंकर भगवान शिव जी के आराध्य पूजा करते हैं और इसलिए हम शंकर भगवान के रुद्राक्ष धारण करते हैं। उन्होंने बताया कि हमारा संकल्प सवा लाख रुद्राक्ष का था और अब वह सवा लाख से होकर सवा दो लाख रुद्राक्ष से भी ऊपर हो चुका है। वजन 45 किलो से भी ऊपर है। 2019 के कुंभ में हमने रुद्राक्ष धारण किया था, छह साल हो चुके हैं। बारह साल की तपस्या है, रोज बारह घंटे की तपस्या करते हैं। तपस्या और दिनचर्या के हिसाब से हमें कम खाना, बारह घंटे तक बहुत सावधानी से रहना पड़ता है।

महाकुंभ 2025 में सवा लाख रुद्राक्ष वाले बाबा जैसे कई और संत अपने अनूठे संकल्पों और तपस्याओं से श्रद्धालुओं का ध्यान आकर्षित करेंगे। लेकिन बात की जाए तो हर एक साधु का उद्देश्य एक ही है सनातन धर्म की रक्षा और इसका प्रचार-प्रसार।

### लिव-इन रिलेशनशिप को लेकर बोले नितिन गडकरी

# महिलाएं बढ़ीं, तो पुरुषों को देनी पड़ेगी दो पत्नियां रखने की इजाजत

## केवल मनोरंजन के लिए बच्चे पैदा न करें




**नई दिल्ली:** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि लिव-इन रिलेशनशिप और समलैंगिक विवाह समाज के नियमों के खिलाफ हैं और इससे सामाजिक संरचना ध्वस्त हो जाएगी। एक यूट्यूब साक्षात्कार के दौरान लिव-इन रिलेशनशिप पर उनके विचारों के बारे में एक सवाल का जवाब देते हुए केंद्रीय सडक परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने टिप्पणी की कि लिव-इन रिलेशनशिप गलत थे। श्री गडकरी ने कहा कि यह समाज स्थिर क्यों है, महिलाओं और पुरुषों का अनुपात सही है, कल अगर महिलाओं का अनुपात 1500 होगा और पुरुषों का अनुपात 1000 होगा, तो हमें पुरुषों को दो पत्नियां रखने की अनुमति देनी होगी। यह पूछे जाने पर कि क्या आदर्श भारत में तलाक पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए, गडकरी ने जवाब दिया कि बिलकुल नहीं, लेकिन लिव-इन रिलेशनशिप अच्छे नहीं हैं। यह पूछे जाने पर कि इसका किसी देश पर क्या प्रभाव पड़ता है, गडकरी ने कहा कि बच्चे कैसे पैदा होंगे, उनका भविष्य क्या होगा। यदि आप सामाजिक जीवनशैली को खत्म कर देंगे, तो इसका लोगों पर किस प्रकार का प्रभाव पड़ेगा? भारत को अधिक या कम बच्चों की जरूरत है, इस पर मंत्री ने कहा कि यह सवाल नहीं है। यह माता-पिता का कत्र्तव्य है कि वे बच्चे पैदा करें और उनका उचित पालन-पोषण करें। यदि आप किसी दिन कहते हैं कि आपने मनोरंजन के लिए बच्चे पैदा किए हैं और फिर बिना सोचे-समझे देखते रहें।

### आरएसएस प्रमुख ने मंदिर-मस्जिद विवाद को लेकर हिंदू नेताओं पर साधा निशाना, कहा-

# राम मंदिर जैसे मुद्दे नहीं उठाए जाये

**नई दिल्ली:** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने हिंदू नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि वे भारत में विभिन्न स्थानों पर राम मंदिर जैसे विवाद को हवा दे रहे हैं।उन्होंने कहा कि भारत को समावेशिता और सद्भाव का उदाहरण बनना चाहिए।भारत के बहुलवादी समाज की ओर ध्यान दिलाते हुए आरएसएस प्रमुख ने कहा कि स्वामी रामकृष्णन मिशन में क्रिसमस मनाया जाता है, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि केवल हम ही ऐसा कर सकते हैं क्योंकि हम हिंदू हैं।



समाचार एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट में उनके हवाले से कहा हम लंबे समय से सद्भाव में रह रहे हैं। अगर हम दुनिया को यह सद्भाव प्रदान करना चाहते हैं, तो हमें इसका एक मॉडल बनाने की जरूरत है। राम मंदिर के निर्माण के बाद, कुछ लोगों को लगता है कि वे नई जगहों पर इसी तरह के मुद्दों को उठाकर हिंदुओं के नेता बन सकते हैं। यह स्वीकार्य नहीं है।

उन्होंने कहा कि अयोध्या का राम मंदिर इसलिए बनाया गया क्योंकि यह सभी हिंदुओं की आस्था का मामला था, किसी भी राजनीतिक प्रेरणा से दूर। किसी भी साइट का नाम लिए बिना उन्होंने कहा, हर दिन एक नया मामला (विवाद) उठाया जा रहा है। इसे कैसे अनुमति दी जा सकती है? यह जारी नहीं रह सकता। भारत को यह दिखाने की जरूरत है कि हम एक साथ रह सकते हैं। पुणे में विश्वगुरु भारत विषय पर व्याख्यान श्रृंखला के एक भाग के रूप में बोलते हुए, आरएसएस प्रमुख ने कहा कि भारतीयों को पिछली गलतियों से सीखना चाहिए और अपने देश को दुनिया के लिए एक आदर्श बनाने की दिशा में काम करना चाहिए।

हाल ही में, छिपे हुए मंदिरों को उजागर करने के लिए मस्जिदों के सर्वेक्षण की कई मांगें अदालतों के सामने लाई गई हैं, हालांकि भागवत ने अपने व्याख्यान में किसी का उल्लेख नहीं किया।

उन्होंने यह भी कहा कि कुछ बाहरी समूह अपने साथ दृढ़ संकल्प लेकर आए हैं, जो अपने पुराने शासन को बहाल करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, लेकिन अब देश संविधान के अनुसार चलता है। इस व्यवस्था में, लोग अपने प्रतिनिधि चुनते हैं जो सरकार चलाते हैं। आधिपत्य के दिन चले गए हैं। मुगल साम्राज्य से दो समानांतर उदाहरण देते हुए, आरएसएस प्रमुख ने कहा कि हालांकि मुगल सम्राट औरंगजेब की पहचान उनके अडिग पालन से थी, लेकिन उनके वंशज बहादुर शाह जफर ने 1857 में गोहत्या पर रोक लगा दी थी। यह तय किया गया था कि अयोध्या में राम मंदिर हिंदुओं को दिया जाना चाहिए, लेकिन अंग्रेजों ने इसे भांप लिया और दोनों समुदायों के बीच दरार पैदा कर दी। उन्होंने कहा, तब से ही अलगाववाद की भावना अस्तित्व में आई। इसके परिणामस्वरूप पाकिस्तान अस्तित्व में आया। आरएसएस प्रमुख ने प्रभुत्व की भाषा पर सवाल उठाते हुए कहा, अगर हर कोई खुद को भारतीय मानता है तो इसका क्या मतलब है?कौन अल्पसंख्यक है और कौन बहुसंख्यक? यहां हर कोई समान है। इस देश की परंपरा है कि सभी अपनी-अपनी पूजा पद्धति का पालन कर सकते हैं। बस जरूरत है सद्भावना से रहने और नियमों और कानूनों का पालन करने की।

न्यूज ब्रीफ

## मनरेगा लोकपाल ने मनरेगा के विभिन्न योजनाओं का किया निरीक्षण



**सिमडेगा :** जिला के कोलेबिरा प्रखंड अंतर्गत लचडागढ. पंचायत में मनरेगा से संचालित विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण मनरेगा लोकपाल श्रीमती पुष्पा सिंह द्वारा मनरेगा के तहत बगवानी की निरीक्षण लचडागढ. पंचायत में मिटकु नायक के बागवानी, नारी देवी के बगवानी, गायत्री देवी के बागवानी, राजेश महतो की बगवानी, निर्मल कुमार साहू के बगवानी का निरिक्षण किया गया ! बगवानी को देख कर बगवानी में लगे आम के पौधे को अच्छी तरह से देख रेख करने के लिए लाभूकों को कही गई साथ में आम के पौधे में नीचले भाग तना में लगी छोटी छोटी डालियों को तोड कर हटाने की बात कही जिससे आम की पेड बढ़िया से विकसित हो पौधे पटावन के लिए भी समय पर पानी का पाटावन करने के लिए कहा गया! साथ में बगान में खाली पड़े पौधे के बीच में साग सब्जी लाभूकों को लगाने के लिए प्रेरित किया गया ताकी बगान के साथ में हरी सब्जियां की खेती हो सके जिससे बगान में लगे आम के पौधे या जो पौधे मिले हैं उसे एक साथ कुशलता पूर्वक देख रेख निकाई कुडाई, सिचाई हो सके बगवानी में लगे दोनो फसल को अच्छी तरह से देख रेख कर सके साग सब्जी के साथ बगान के पेड पौधे की भी भाली भांति देख रेख होगी लाभूक बगान में एक साथ दोनो फसल, का लाभ से सकते हैं ! बगान हमेशा हरा भरा रहेगा ! मनरेगा बागवानी का निरीक्षण के बाद लचडागढ स्थित पंडरू टोली एवं इंद टांड टोली में बने गाय शेड बसंती देवी, का निरीक्षण किय ! मनरेगा लोकपाल श्रीमती पुष्पा सिंह ने गाय शेड को जल्द तैयार करने का निर्देश दिया ! गाय शेड निरीक्षण के बाद लचडागढ पंचायत पहुंचे पंचायत भवन सभागार में लचडागढ. मुखिया जिरेन मडकी एवं रोजगार सेवक,करिशमा बडाईक, पंचायत सचिव संजीव कुमार . बीटीएफ राजेश गोप सहित मनरेगा मेट की उपस्थिति में बारी बारी से एक एक कर मनरेगा योजना से संबंधित पंचायत की फाईल का निरिक्षण किया गया ! मनरेगा लोकपाल पुष्पा सिंह ने कहा सरकार की योजनाओं का लाभ हर पंचायत के ग्रामीण लाभुकों को मिले, ग्रामीण योजना से लाभान्वित हो ! मनरेगा योजना मिलने पर योजना बोर्ड जरूर लगाए ताकी आम लोगों को भी सरकार की योजनाओं के बारे जानकारी मिले और वह अभी प्रेरित हो कर सरकार की योजनाओं का लाभ ले ! मनरेगा लोकपाल श्रीमती पुष्पा सिंह ने मुखिया जिरेन मडकी को योजना रजिस्टर को बढ़िया से अपडेट करने की बात करें जिससे किसी भी प्रकार के कोई दिक्कत ना उचित लाभूकों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिले ! मौके पर मनरेगा लोकपाल पुष्पा सिंह,मुखिया जिरेन मडकी, पंचायत सचिव संजीव कुमार, बीपीओ मैडम, रोजगार सेवक करिशमा बडाईक, जेई दीपक कुमार बडाईक, बीटीएफ राजेश गोप, पंचायत के मेट सहित, अजित कुमार, धनेश्वर साहू, अजय महतो ,उपस्थित थे।

## भाजपा सदस्य बनाकर संगठन को करें मजबूत : श्रद्धानन्द बेसरा

**कुरडेग :** संगठन महापर्व भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर कुरडेग मंडल में बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता कुरडेग मंडल अध्यक्ष सह मंडल सदस्यता अभियान संयोजक सकलराम बड़ाईक ने किया।उन्होंने कहा कि संगठन के निदेर्शानुसार पूरे झारखंड में 22 दिसंबर से संगठन महापर्व सदस्यता अभियान प्रारंभ होगा,कार्यकर्ता 8800002024 पर मिस्ड कॉल कर एसएमएस के द्वारा प्राप्त लिंक पर जाकर विवरण भर कर भाजपा की सदस्यता ले सकते हैं बूथ से लेकर जिला स्तर तक सभी कार्यकताओं को अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर भाजपा सदस्य बनाना है अलग-अलग पदाधिकारी के लिए प्रदेश द्वारा लक्ष्य निर्धारित कर दिया गया है। 22 दिसंबर से सदस्यता अभियान कार्य प्रारंभ कर देना है।

मौके पर सदस्यता अभियान कुरडेग मंडल प्रभारी पूर्व प्रत्याशी श्रद्धानन्द बेसरा ने कहा की भाजपा विश्व का सबसे बड़ी राजनीतिक दल है,झारखंड विधानसभा चुनाव के परिणाम से हम निराश हैं परंतु हौसला कम नहीं हुआ है संगठन महापर्व सदस्यता अभियान में भाग लेकर हम संगठन को मजबूत करें एवं आने वाले 2029 के चुनाव में पुनः झारखंड में कमल खिलाने का संकल्प ले कर चले,सभी विधानसभा में एक एक लाख भाजपा सदस्य बनना है और संगठन को मजबूत करना है साथ ही सरकार की असफलता को जनता के बीच पहुंचने का कार्य करना है। मौके पर मंडल महामंत्री रविन्द्र शर्मा गणेश पातर सदानंद साय कालीचरण मांझी सोनो साय जगेश्वर भोय अजय जायसवाल रामचंद्र साय ज्ञानचंद गुप्ता दिलीप साय सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बंधु तिर्की ने किसानों की समस्याओं पर जताई चिंता

**मांडर :** पूर्व मंत्री और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष श्री बंधु तिर्की ने गुरुवार को मांडर प्रखंड के मुड़मा, बुढ़ाखुखरा, नारो, बिसहाखटंगा और कैंम्बो दोहर का दौरा किया। भूमि संरक्षण विभाग के अधिकारियों के साथ पहुंचे श्री तिर्की ने क्षेत्र में किसानों की समस्याओं का जायजा लिया।

उन्होंने कहा कि मांडर प्रखंड में किसान सालभर खेती नहीं कर पाते हैं क्योंकि धान की फसल के बाद सिंचाई की सुविधाओं की कमी के कारण खेत खाली पड़े रहते हैं। उन्होंने भूमि संरक्षण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि एक सप्ताह के अंदर सिंचाई सुविधा का एक ठोस योजना तैयार की जाए।

श्री तिर्की ने कहा, ₹अगर इन खेतों में सिंचाई की व्यवस्था हो जाती है, तो किसान सालभर खेती कर सकेंगे। यह क्षेत्र की आर्थिक स्थिति को मजबूत करेगा और कृषि उत्पादन को बढ़ाएगा।₹ उन्होंने गांव के किसानों से भी इस पर विचार कर सहमति बनाने की अपील की ताकि योजना को शीघ्र अमल में लाया जा सके।

इस दौरान विधायक प्रतिनिधि जमील मलिक, प्रखंड अध्यक्ष मांगा उरांव, होसे उरांव, समीम अख्तर, तबारक खान, सरिता तिग्गा, नसीम अंसारी, महफूज आलम, अमित जी, भोलू, सेरोफीना मिंज, एहसान अंसारी, रसीद अंसारी, मो. खालिद, रसीद खान, अमानत अंसारी, चिंतामणि उरांव, इंदु तिग्गा, समसुल अंसारी, रामबिलास उरांव और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

श्री तिर्की ने किसानों को आश्वासन दिया कि सरकार और विभाग की ओर से हरसंभव मदद की जाएगी। क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं का विकास प्राथमिकता में है ताकि खेती-किसानी को प्रोत्साहन मिल सके।

## सड़क हादसे में चार लोग गंभीर रूप से घायल, स्वास्थ्य व्यवस्था पर उठे सवाल

**मांडर :** मांडर थाना क्षेत्र के मांडर-बुढ़मू मुख्य मार्ग पर रेफरल अस्पताल के पास गुरुवार रात करीब 8 बजे टाटा मैजिक और ट्रैक्टर के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में टाटा मैजिक में सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

# चक्रधरपुर में क्रिसमस को लेकर दुकानों में रौनक और खरीददारों में उत्साह का माहौल

**ज्योति पाठक**

25 दिसम्बर अर्थात क्रिसमस के आगमन को लेकर दुकानें सज गयी हैं और क्रिसमस से जुड़े सभी संसाधन लोगों के लिए उपलब्ध देखे जा रहे हैं। क्रिसमस के दिन सांता क्लॉज के वस्त्र और उनके पसंदीदा सामग्री से दुकान सज गयी है और लोगों को काफी आकर्षित भी कर रही है। जीजर्स और चरनी के सामग्री भी दुकानों की शोभा बढ़ा रही है। इस संदर्भ में स्थानीय बाटा रोड के प्रख्यात प्रतिष्ठान सगुन लेडिस कॉर्नर में प्रोपराईटर बजरंग साह एवं राजेश साह बताते हैं कि प्रति वर्ष उनके दुकान में क्रिसमस के अवसर पर समुचित दरों पर सभी सामग्री उपलब्ध रहते हैं और इस प्रतिष्ठान का मानना है कि लोग जिस खुशनुमा वातावरण और हर्षोल्लास के साथ क्रिसमस मनाते हैं तो उनकी खुशियों को बढ़ाने के लिए यह प्रतिष्ठान भी अपना जवाबदेही का निर्वहन करता है





और समुचित दरों पर सारी सामग्री उपलब्ध कराई जाती है। सगुन लेडिस कॉर्नर अपने समुचित मुल्यों पर सामग्री उपलब्ध कराने के कारण विश्वास का प्रतिक है और लोग इस प्रतिष्ठान में आकर अपनी आवश्यक साामग्री की खरीददारी भी किया करते हैं।इस प्रकार से कहा जा सकता है कि स्थानीय बाटा रोड में अवस्थित इस प्रतिष्ठान की अपनी शाख और विश्वास ही अलग है।

## नशापान और सड़क सुरक्षा के प्रति सभी लोग जागरूक हों : रावेल लकड़ा

**कोलेबिरा:** प्रखंड के ज्योति उच्च विद्यालय में जार्ट क्रीड़ा प्रतियोगिता 2024 का अयोजन हुआ ,जिसमे मुख्य अतिथि के रुप में विधायक प्रतिनिधि सह अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष रावेल लकड़ा उपस्थित हुए।इस खेल में मुख्य प्रतियोगिता एथलेटिक्स, कबड्डी का अयोजन किया गया। जिसमे जितुटोली, रामपुर, तुरबुंगा और अघरमा के उच्च विद्यालय के विद्यार्थियों ने भाग लिया। मौके पर मुख्य अतिथि रावेल लकड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह का आयोजन से और अधिक खिलाड़ी उभर के सामने आएंगे। देश दुनिया मे परचम लहरायेंगे। सिमडेगा का नाम रौशन करेंगे। राज्?य सरकार एवं विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी खिलाड़ियों को उनकी प्रतिभा निखारने के साथ साथ नौकरी देने का काम कर रहे हैं। खिलाड़ियों को पूरा सम्मान देने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा में लगातार निखार लाएं। आप बेहतर खिलाड़ी है तो आपको आसानी से नौकरी मिल जाएगी। झारखंड सरकार ग्रामीण क्षेत्र के खेल प्रतिभा को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।विद्यार्थी जीवन में तो शिक्षा के साथ-साथ खेलों का भी विशेष महत्व है। पढाई एवं खेल खेलते समय लक्ष्य निर्धारण व एकाग्रता का होना अत्यंत आवश्यक है।लक्ष्य निश्चित हो तो सफलता भी निश्चित है। खेल-खेलने से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। युवा वर्ग छात्र-छात्राएं लक्ष्य निर्धारण कर कार्य करें।खेल हमारे जीवन का आवश्यक हिस्सा है। स्वस्थ शरीर और दिमाग को विकसित करने के लिए खेल महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जिस तरह दिमाग का सही विकास के लिए शिक्षा जरूरी है, उसी तरह शारीरिक विकास के लिए खेल महत्वपूर्ण हैं। राज्?य सरकार और विधायक नमन बिक्सल कोंगाडी भी खेलों के विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। आगे रावेल लकड़ा ने नशापान और सड़क सुरक्षा के प्रति उपस्थित लोगों से जागरूक होने की अपील भी की।

# रांची एसएसपी चन्दन कुमार सिन्हा की कारवाई से लोगों का विश्वास पुलिस पर बढ़ा



**बिनय मिश्रा**

झारखण्ड की राजधानी राँची में विगत कुछ दिनों से छात्राओं के साथ घटित छेड़खानी का मामला को पुलिस ने तत्काल गंभीरता से लेते हुए छेड़खानी करने वाले की गिरफ्तारी के साथ-साथ राँची के वरीय पुलिस अधीक्षक चन्दन कुमार सिन्हा के द्वारा शिकायत के प्रति उदासिनता और शिथिलता बरतने वाले पर विरूद्ध तत्क्षण कार्यवाही भी यह बताने के लिए काफी है कि राँची जिला पुलिस अपराधियों की धर-पकड़, अपराध नियंत्रण और बेहतर विधि व्यवस्था के लिए सदैव तत्पर है। घटित घटना के पश्चात एसएसपी चन्दन कुमार सिन्हा ने जिस प्रकार से त्वरत कार्यवाही कड़ाई के साथ किया तथा वर्तमान समय में बेहतर विधि व्यवस्था और शांति व्यवस्था के साथ-साथ छात्राओं की सुरक्षा के लिए कठोर कदम उठाये गये हैं। वह निश्चित तौर पर छात्राओं के अभिभावकों को राहत पहुंचाने वाला है। भारतीय पुलिस सेवा 2011 बैच के आईपीएस अधिकारी 8 सितम्बर 2023 को वरीय पुलिस अधीक्षक के रूप में तत्कालीन एसएसपी कौशल किशोर से अपना पदभार ग्रहण किया था। अपने 14 माह के कार्यकाल में एसएसपी ने अपने बेहतर कार्य से राँची जिला में बेहतर शांति व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए हमेशा जुटे रहे हैं। विगत कुछ दिनों से स्कूली छात्राओं के साथ छेड़खानी की घटना के पश्चात कई पुलिसकर्मी को निलंबित की। इस प्रकार से कहा जा सकता है कि राँची में छात्राओं को व्यापक सुरक्षा अभिभावकों को राहत दिलाने के लिए काफी गंभीर प्रयास किया है। गौरतलब हो कि श्री सिन्हा इससे पूर्व सरायकेला-खरसवां एवं पलामु के भी पुलिस अधीक्षक रह चुके हैं।

# वृद्धों के बीच कंबल व गर्म कपड़े का वितरण

**झींकपानी स्थित संचार वृद्धाश्रम में आयोजित हुआ कार्यक्रम**



**मेट्रो रेज संवाददाता**

झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार राँची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार चाईबासा के अध्यक्ष मोहम्मद शाकिर के मार्गदर्शन में प्राधिकार के तत्वाधान में झींकपानी स्थित संचार वृद्ध आश्रम में आवासीत वृद्ध जनों को प्राधिकार के सचिव राजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में गर्म कपड़े और कंबलों का वितरण किया गया, नए कपड़े पाकर वे बहुत खुश थे, इस मौके पर श्री सिंह ने कहा कि बढ़ती ठंड को देखते हुए यह निर्णय लिया गया कि आश्रमों में निवास करने वाले लोगों को गर्म कपड़े वितरण किया जाना आवश्यक है, प्राधिकार के माध्यम से आयोजित इस कार्यक्रम में जी पी पवन शर्मा और अधिकार मित्र संजय निषाद भी उपस्थित थे।

# चोरी के आरोप में गिरफ्तार आरोपी अस्पताल में भर्ती पुलिस पर गंभीर आरोप, थानेदार ने कहा बेबुनियाद

**गिरिडीह:** पचंबा पुलिस एक बार फिर से विवादों में घिर गई है। इस बार पुलिस ने चोरी के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। इसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। इस मामले में पचंबा थाना की पुलिस पर आरोपी के परिजनों ने मारपीट करने का आरोप लगाया है। हालांकि पचंबा पुलिस मारपीट की बात को पूरी तरह से गलत बता रही है। अस्पताल में इलाजरत करहरबारी निवासी प्रेम कुमार पासवान को बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया गया।

इस मामले को लेकर इलाजरत युवक के परिजनों का आरोप है कि चोरी के एक मामले में पचंबा पुलिस ने प्रेम को गिरफ्तार किया। परिजन कहते हैं कि गिरफ्तारी के बाद प्रेम की पिटाई की गई, जिससे उसकी तबीयत काफी बिगड़ गई और बाद में उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया गया।

इधर, इस मामले पर पचंबा के थाना प्रभारी राजीव कुमार से बात की गई। राजीव कुमार ने मारपीट के आरोप को पूरी तरह से बेबुनियाद बताया। उनका कहना है कि प्रेम को पकड़ने के बाद उसकी बहन के समक्ष ही पूछताछ हुई है। प्रेम के साथ मारपीट नहीं की गई है।

गिरफ्तारी के बाद प्रेम को मिर्गी का दौरा पड़ा, जिसके बाद उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में भर्ती करवाने के बाद लगातार निगरानी रखी गई। थाना प्रभारी कहते हैं कि उल्टा जब पुलिस प्रेम को पकड़ने गई तो पुलिस के वाहन को ही घेर लिया गया था। थाना प्रभारी ने कहा कि मारपीट का झूठा आरोप लगाया जा रहा है।

## सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार की मौके पर ही मौत

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**मांडर।** मांडर थाना क्षेत्र के चुंद बनापीरी मोड़ के पास गुरुवार सुबह एक सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान बुडमू थाना क्षेत्र के बुडमू गांव निवासी 31 वर्षीय विकास लोहरा के रूप में हुई है। घटना सुबह करीब 11 बजे की है। विकास लोहरा मोटरसाइकिल से किसी निजी कार्य के लिए घर से निकला था। चुंद बनापीरी मोड़ के पास उसकी मोटरसाइकिल का संतुलन बिगड़ गया, जिससे वह बाइक समेत सड़क किनारे बने गड्ढे में गिर गया। इस हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मांडर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन की। पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रांची के रिम्स भेज दिया।

# शिक्षण संस्थानों को तम्बाकू मुक्त बनाने बनाने को लेकर अभियान शुरू

**शिक्षण संस्थानों के 100 गज के दायरे में तम्बाकू उत्पाद बेचने पर लगेगा जुर्माना**

**बच्चों को तम्बाकू उत्पाद बेचा तो होगा 1 लाख का जुर्माना और 7 साल का जेल**



लोहरदगा : जिले के सभी शिक्षण संस्थानों को तम्बाकू मुक्त बनाने के दिशा-निर्देशों के क्रियान्वयन तथा तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 2.0 हेतु आज स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा सोशियो इकोनॉमिक एण्ड एजुकेशनल डेवलॉपमेंट सोसाईटी (सीड्स) के तकनीकी सहयोग से अभिलाषा कक्ष, समाहरणालय लोहरदगा के सभागार में एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन जिला शिक्षा पदाधिकारी श्रीमती नीलम आईलीन टोप्पो की अध्यक्षता में किया गया।

अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी श्री विनय बन्धु कच्छप ने कार्यशाला में उपस्थित सभी पदाधिकारीयों, प्राचार्यो, शिक्षकों एवं मीडियाकर्मियों का स्वागत किया तथा कार्यशाला के उद्देश्य के बारे में बताया।

जिला शिक्षा पदाधिकारी श्रीमती नीलम आईलीन टोप्पो ने अपने ने संबोधन में कहा कि तम्बाकू सेवन की आदत जनस्वास्थ्य के लिए एक बड़ी समस्या के रुप में वैश्विक स्तर पर उभर रहा है। अतः तंबाकू सेवन के दुष्परिणाम के प्रति अवयस्क और युवा वर्ग में जागरूकता फैलाना बहुत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हम सब की जिम्मेदारी है कि अपने आनेवाले भविष्य की चिंता करते हुए युवाओं और अवयस्कों को तम्बाकू की लत से दूर रखा जाये। उन्होंने बताया कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार के मार्गदर्शन में सोशिओ इकोनॉमिक एण्ड एजुकेशनल डेवलपमेंट सोसायटी (सीड्स) झारखण्ड द्वारा ह्लतम्बाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान (ळड्ढ्रॠक) के दिशा-निर्देशों के अनुरूप क्रियान्वयन हेतु साकारात्मक प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सीड्स झारखण्ड के सहयोग से स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा राज्य के सभी शिक्षण संस्थानों को तम्बाकू मुक्त घोषित कराने हेतु आज हमारे लोहरदगा जिले में इस कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है एवं क्रमवार इस कार्यशाला का आयोजन राज्य के सभी जिलों में किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि आज लोहरदगा जिला में इस कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है और जल्द ही राज्य के अन्य जिलों में अभियान चलाकर सभी जिलों के सभी विद्यालयों को तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को तम्बाकू सेवन न करने का सपथ दिलाया।

सीडस के कार्यक्रम समन्वयक श्री रिम्पल झा ने तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम की आवश्यकता के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की । उन्होंने बताया कि तम्बाकू उत्पाद से बच्चे, अवस्क एवं युवा वर्ग के लोगों को बचाये जाने की आवश्यकता है। ग्लोबल यूथ टोबैको सर्वे (2019) द्वारा सम्पूर्ण विश्व में युवाओं द्वारा तम्बाकू सेवन से संबंधित जो आंकड़ें संकलित किये गये हैं वह यह दशार्ता है कि भारत में 13-15 वर्ष के 8.5 प्रतिशत छात्रगण किसी न किसी प्रकार के तम्बाकू का उपयोग कर रहे हैं वहीं झारखण्ड मे यह 5.1 प्रतिशत है जो चिन्ता का विषय है। श्री झा ने कहा कि तम्बाकू सेवन से हर साल देश में लगभग 13 लाख लोगों की मौत हो रही है। तम्बाकू सेवन से खास तौर पर बच्चों, अवयस्कों एवं युवा वर्ग के लोगों को बचाये जाने की आवश्यकता है। उन्होने कहा प्रायः ऐसा देखा जाता है कि राज्य के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के आस-पास तम्बाकू उत्पाद जैसे कि सिगरेट, बीडी.पान मसाला, जर्दा एवं खैनी इत्यादि की बिक्री की जाती है। इससे कम आयु के युवाओं एवं छात्रों में धूम्रपान एवं तम्बाकू सेवन की व्यसन को बढ़ावा मिलता है।

सुनंदा चन्द्रमौलेश्वर दास जिला शिक्षा अधीक्षक ने कहा कि हम सब की जिम्मेदारी है कि अपने आनेवाले भविष्य की चिंता करते हुए युवाओं और अवयस्कों को तम्बाकू की लत से दूर रखा जाये। उन्होंने बताया कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार के मार्गदर्शन में सोसिओ इकोनॉमिक एण्ड एजुकेशनल डेवलपमेंट सोसायटी (सीड्स) झारखण्ड द्वारा ह्लतम्बाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान (ळड्ढ्रॠक) के दिशा-निर्देशों के अनुरूप क्रियान्वयन हेतु साकारात्मक प्रयास किये जा रहे हैं।

अंत में अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी श्री विनय बन्धु कच्छप ने कार्यशाला में भाग लेने के लिए सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे जिला शिक्षा पदाधिकारी की सहमति से कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, चयनित विद्यालय के प्राचार्य, नोडल शिक्षक, सीड्स झारखंड के क्षेत्रीय समन्वयक भोला पाण्डेय व अन्य गणमान्य उपस्थित हुए।